

शुभमन ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारतीय एकदिवसीय टीम के कप्तान बनाये गये -पेज: 7


# सब का सपना

निष्पक्ष व निडर- हिंदी दैनिक समाचार पत्र




प्रियंका चोपड़ा ने मुंबई को कहा -पेज: 8


वर्ष: 01 | अंक: 178 | रविवार 05 अक्टूबर 2025 | अमरोहा (उत्तर प्रदेश) | www.sabkasapna.com | पृष्ठ : 8 | मूल्य : 2 रुपए


# अवेयरनेस, एक्सेस और एक्शन के मंत्र के साथ हर नागरिक पा सकता है अपना पैसा वापस : वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण

**गांधीनगर/नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि अगर तीन 'ए' अवेयरनेस, एक्सेस और एक्शन को पूरा किया जाए तो सेफ कस्टडी में पड़े धन को उचित दस्तावेजों के साथ नागरिकों द्वारा सही तरीके से क्लेम किया जा सकता है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुजरात के गांधीनगर में वित्तीय क्षेत्र में अनक्लेम्ड एसेट्स के कुशल एंव त्वरित निपटान को सुगम बनाने के लिए 'आपकी पूंजी आपका अधिकार' अभियान का शुभारंभ किया। यह अक्टूबर से दिसंबर तक चलने वाला तीन महीने का एक राष्ट्रव्यापी जागरुकता अभियान है। कार्यक्रम में अपने संबोधन में वित्त मंत्री ने कहा कि मैं आप सभी से आग्रह करती हूं कि आप इस अभियान के एम्बेसडर बनें, अपने परिचित लोगों से संपर्क करें। उनसे पूछें कि क्या उनके पास किसी अनक्लेम्ड फाइनेंशियल एसेट्स का कोई कागज है। अगर उन्हें ऐसे पेपर्स की जानकारी लोगों से मिलती है तो दूसरों को पोर्टल पर रजिस्टर करने के लिए मार्गदर्शन करें ताकि लोग अपनी संपत्ति का दावा कर सकें।

वित्त मंत्री ने जोर देते हुए कहा, 'इस पहल से अनगिनत नागरिकों को लाभ होने की उम्मीद है। मैं आपसे विनम्र निवेदन करती हूं कि आप अपने समुदायों और आस-पास के इलाकों में इस अभियान के बारे में प्रचार करें।' वित्त मंत्री ने पीएम मोदी का आभार जताते हुए कहा कि मैं उनकी आभारी हूं कि उन्होंने मुझे एक बार यह सलाह दी कि मैं लोगों के बीच जाऊं और उन्हें उनके हक को पाने के लिए उनका आह्वान करूं।

उन्होंने कहा, 'पीएम मोदी की सलाह पर अमल करते हुए, मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि गुजरात ने इस अभियान को शुरू करने में अग्रणी भूमिका निभाई है।' वित्त मंत्री ने कहा, 'वित्त मंत्रालय, नियामकों, राज्य सरकारों और गांवों के बैंकों सहित सभी के सम्मिलित प्रयासों से अगर पूरी श्रृंखला सक्रिय हो जाए, तो हर कोई अपना पैसा वापस पा सकेगा। यह न केवल हमारा आश्वासन है, बल्कि हमारा कर्तव्य भी है।'

निर्मला सीतारमण ऑफिस की ओर से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा गया है कि अनक्लेम्ड फाइनेंशियल एसेट्स अक्सर जागरुकता और आउडेटेड अकाउंट डिटेल्स की वजह से अनक्लेम्ड रह जाते हैं, जिसमें इंश्योरेंस पॉलिसी क्लेम, बैंक डिपॉजिट, डिविडेंट, शेयर और म्यूचुअल फंड की आय शामिल है।

इस अभियान के दौरान, नागरिकों को उनके अनक्लेम्ड एसेट्स, अपडेट रिकॉर्ड, क्लेम प्रक्रिया को पूरा करने के तरीकों को लेकर तत्काल मार्गदर्शन दिया जाएगा। साथ ही, डिजिटल टूल्स और स्टेप-बाय-स्टेप प्रदर्शन भी प्रदर्शित किए जाएंगे।



## एस-400 की नई खेप खरीदने की तैयारी में भारत

### ऑपरेशन सिंदूर में पाक को पस्त कर जीता था भरोसा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के हमलों को विफल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम पर सेना का भरोसा बढ़ गया है। इस मामले से परिचित लोगों के मुताबिक भारत इन एयर डिफेंस सिस्टम की नई खेप खरीदने पर विचार कर रहा है। ऐसा माना जा रहा है कि राष्ट्रपति पुतिन की दिसंबर में होने वाली भारत यात्रा के दौरान इस डिफेंस सिस्टम की खरीद पर बातचीत हो सकती है। हालांकि सूत्रों का कहना है कि भारत एस-400 के एडवांस वर्जन



एस-500 को खरीदने पर भी विचार कर सकता है। वायुसेना चीफ एयर मार्शल एपी सिंह ने भी इस मामले पर अपनी राय रखी हालांकि उन्होंने सीधे-सीधे कोई जवाब नहीं दिया। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान जब उनसे पूछा गया कि क्या भारत नई एस-400 डिवाइस खरीदने के बारे में सोच रहा है। इसका जवाब देते हुए उन्होंने कहा, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जाहिर है, इससे हमें अच्छा परिणाम मिला है। इसलिए, हमें ऐसे और सिस्टम्स की जरूरत है। आप कितनी खरीद सकते हैं, इसकी कोई सीमा नहीं है। फिर से मैं इस बारे में चुप रहूंगा कि योजना क्या है, क्या हम और अधिक खरीदना चाहते हैं या नहीं।

## हमास गाजा पर कब्जा छोड़ेगा, बंधक रिहा होंगे

### ट्रम्प की धमकी के बाद सीजफायर पर हुआ राजी

**वॉशिंगटन डीसी (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प की धमकी के 6 घंटे बाद हमास गाजा में सीजफायर को तैयार हो गया है। हमास ने शुक्रवार रात ऐलान किया कि वह ट्रम्प के प्लान में बताए गए फॉर्मूले के मुताबिक सभी जिंदा और मुर्दा बंदियों को रिहा करने को तैयार है। साथ ही गाजा का प्रशासन छोड़ने को भी तैयार है। हमास ने यह भी कहा कि राष्ट्रपति ट्रम्प की इस हफ्ते पेश की गई 20 पॉइंट की पीस डील के कुछ हिस्सों पर बातचीत जरूरी है। अल जजीरा



की रिपोर्ट के मुताबिक हमास की तरफ से जो जवाब आया है, उसमें हथियार छोड़ने का जिक्र नहीं किया गया है। हमास के ऐलान के बाद ट्रम्प ने इजराइल को तुरंत गाजा में हमले करना बंद करने को कहा है। वहीं, इजराइल ने कहा कि वह ट्रम्प के गाजा प्लान पर काम करने के लिए तैयार है। प्रधानमंत्री नेतन्याहू के ऑफिस ने बयान जारी कर रहा कि इजराइल ट्रम्प के प्लान के पहले चरण को लागू करने के लिए तैयार है। इसके लिए वे ट्रम्प और उनकी टीम के साथ मिलकर काम करेंगे ताकि जंग खत्म हो। इसके साथ ही इजराइल गाजा में हमला रोकने को तैयार हो गया है। सरकार ने सेना को गाजा पर कब्जे की कार्रवाई रोकने का आदेश दिया है।

# बुलडोजर से नहीं, कानून के शासन से चलता है देश

**मॉरीशस (एजेंसी)।** देश के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस बीआर गवई ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय न्याय व्यवस्था बुलडोजर के शासन से नहीं, बल्कि कानून के शासन से संचालित होती है। पिछले 10 दिनों के अंदर उन्होंने दूसरी बार बुलडोजर ऐक्शन की निंदा की है। हालांकि, इस बार उन्होंने सात समंदर पार जाकर यानी विदेश जाकर यह बयान दिया है। मॉरीशस में 'सबसे बड़े लोकतंत्र में कानून का शासन' विषय पर सर मौरिस रॉल्ट स्मृति व्याख्यान 2025 का उद्घाटन करते हुए उन्होंने 'बुलडोजर न्याय' की निंदा करने वाले अपने ही फैसले का उल्लेख किया। प्रख्यात न्यायविद सर मौरिस रॉल्ट 1978 से 1982 तक मॉरीशस के प्रधान न्यायाधीश थे। कानून के शासन का सिद्धांत और भारत के उच्चतम न्यायालय द्वारा उसकी व्यापक व्याख्या पर प्रकाश डालते हुए न्यायमूर्ति गवई ने कहा, इस फैसले ने एक स्पष्ट संदेश दिया है कि भारतीय न्याय व्यवस्था



बुलडोजर के शासन से नहीं, बल्कि कानून के शासन से संचालित होती है। जस्टिस गवई इन दिनों मॉरीशस की तीन दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर हैं। 'बुलडोजर न्याय' मामले में दिए गए फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने माना है कि कथित अपराधों को लेकर अभियुक्तों के घरों को

**10 दिनों में यह दूसरी बार बोले सीजेआई बीआर गवई**

गिराना कानूनी प्रक्रियाओं को दरकिनार करता है, कानून के शासन का उल्लंघन करता है और संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत आश्रय के मौलिक अधिकार का उल्लंघन करता है। उन्होंने कहा कि यह भी माना गया कि कार्यपालिका अन्य भूमिका नहीं निभा सकती। इस मौके पर मॉरीशस के राष्ट्रपति धर्मबीर गोखूल, प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम और प्रधान न्यायाधीश रेहाना मुंगली गुलबुल आदि भी उपस्थित थे। अपने संबोधन में, प्रधान न्यायाधीश ने 1973 के केशवानंद भारती मामला सहित उच्चतम न्यायालय के विभिन्न ऐतिहासिक फैसलों का उल्लेख किया। सीजेआई गवई ने कहा कि सामाजिक क्षेत्र में, ऐतिहासिक अन्याय के निवारण के लिए कानून बनाए गए हैं और हाशिए पर पड़े समुदायों ने अपने अधिकारों का दावा करने के लिए अक्सर इनका और कानून के शासन की भाषा का सहारा लिया है। उन्होंने कहा, ''राजनीतिक क्षेत्र में, कानून का शासन सुशासन और सामाजिक प्रगति के मानक के रूप में कार्य करता है, जो कुशासन और अराजकता के बिल्कुल विपरीत है...। महात्मा गांधी और बीआर आंबेडकर के योगदान का उल्लेख करते हुए, न्यायमूर्ति गवई ने कहा कि उनकी दूरदर्शिता ने प्रदर्शित किया कि भारत में कानून का शासन चलता है।

# 10वें बच्चे की मौत, 'जहरीला' कफ सिरप एमपी में भी बैन

### डिप्टी सीएम ने पहले कहा-सिरप से मौतें नहीं, अब बोले-जहां दिखे जब्त करो




**भोपाल (एजेंसी)।** छिंदवाड़ा जिले में किडनी फेल होने से एक और बच्चे की मौत हो गई है। शनिवार की दोपहर नागपुर में इलाज के दौरान बड़कुई निवासी डेढ़ साल की योगिता ठाकरे की मौत हो गई। जिले में पिछले एक महीने के अंदर अब तक किडनी फेलियर से जान गंवाने वाले मासूमों की संख्या बढ़कर 10 हो गई है। मासूम योगिता ठाकरे पिछले 10 दिनों से नागपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती थी। उसे पेशाब न होने की समस्या (किडनी फेलियर) के चलते पहले परासिया अस्पताल लाया गया था, जहां से हालत गंभीर होने पर नागपुर रेफर किया गया था। इससे पहले तमिलनाडु के बाद मध्यप्रदेश में भी कोल्ड्रिफ और नेक्स्ट्रो-डीएस कफ सिरप को बैन कर दिया गया है। इन्हीं सिरप की वजह से छिंदवाड़ा में 9 बच्चों की किडनी फेल होने से मौत हुई है। सीएम मोहन यादव ने एक्स पर पोस्ट कर ये जानकारी दी है। स्थानीय डॉक्टर की सलाह पर बच्चों को कोल्ड्रिफ और नेक्स्ट्रो-डीएस कफ सिरप देने की बात सामने आई थी। बच्चों की मौत के बाद जांच के लिए तीन टीमें बनाई गई हैं। अब एसआईटी बनाकर राज्य स्तर पर जांच की जाएगी। सीएम डॉ. मोहन यादव ने एक्स पर लिखा- छिंदवाड़ा में कोल्ड्रिफ सिरप के कारण हुई बच्चों की मृत्यु अत्यंत दुखद है।



### सिर्फ छिंदवाड़ा में ही सप्लाई होती थी कोल्ड्रिफ सिरप

खुलासा हुआ है कि जो कोल्ड्रिफ सिरप सप्लाई की गई थी, उन्हें जबलपुर से भेजा गया था। हालात की गंभीरता को देखते हुए जबलपुर कलेक्टर ने पहले ही सिरप पर बैन लगा दिया था। छिंदवाड़ा में श्री सन फार्मा कंपनी के मैनेजर की डिमांड पर महाकौशल डीलर कटारिया फार्मास्यूटिकल से इस कफ सिरप की सप्लाई होती थी। खास बात यह है कि कोल्ड्रिफ सिरप के लिए पूरे महाकौशल में सिर्फ छिंदवाड़ा से ही डिमांड आती थी। महाकौशल डीलर कटारिया फार्मास्यूटिकल ने सितंबर में चेन्नई की कंपनी श्री सन फार्मा से कोल्ड्रिफ सिरप की 660 बोतल मंगवाई थी। इनमें से 594 छिंदवाड़ा की तीन अलग-अलग मेडिकल शॉप आयुष फार्मा, न्यू अपना फार्मा और जैन मेडिकल एवं जनरल स्टोर में सप्लाई की गई। बाकी 66 सिरप डीलर ने अपने ऑफिस में रख ली थी। ड्रग कंट्रोलर के निर्देश पर जबलपुर ड्रग इंस्पेक्टर शरद कुमार जैन ने शुक्रवार को नौदरा ब्रिज स्थित कटारिया फार्मास्यूटिकल ऑफिस में जांच की है। शरद कुमार जैन ने बताया कि श्री सन फार्मा कंपनी की डीलरशिप महाकौशल में सिर्फ एक ही है। इसी कंपनी की सिरप कोल्ड्रिफ मध्यप्रदेश में कहीं भी सप्लाई नहीं होती। छिंदवाड़ा में भी यह सिरप सिर्फ 3 मेडिकल शॉप पर ही भेजी जाती थी।

# अब बात करने को कुछ नहीं बचा, हथियार डालने ही होंगे



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शनिवार को छत्तीसगढ़ के दौरे पर रहे। राज्य के बस्तर में अमित शाह ने मां दंतेश्वरी के दर्शन किए। इसके बाद उन्होंने बस्तर ज़िले के मुख्यालय जगदलपुर में बस्तर दशहरा लोकोत्सव और स्वदेशी मेला को संबोधित भी किया, जहां से उन्होंने नक्सलियों को आखिरी चेतावनी दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अमित शाह ने स्पष्ट किया कि नक्सलियों को अब हथियार डालने ही होंगे। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि नक्सलवाद के खतरे को अलविदा कहने के लिए 31 मार्च, 2026 की समय सीमा तय की गई है। अमित शाह ने स्पष्ट किया कि नक्सलियों के साथ बातचीत की कोई संभावना नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार की लाभदायक आत्मसमर्पण और पुनर्वास नीति को स्वीकार करने के बाद उन्हें (नक्सली) हथियार डालने होंगे। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों ने (नक्सलियों से) बातचीत का आह्वान किया है। मैं एक बार फिर स्पष्ट कर दूं कि छत्तीसगढ़ और केंद्र सरकार, दोनों ही बस्तर और सभी नक्सल प्रभावित इलाकों के विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। अब बात करने की क्या बात है। एक आकर्षक आत्मसमर्पण और पुनर्वास नीति लागू की गई है। आगे आइए और अपने हथियार डाल दीजिए। अमित शाह ने चेतावनी देते हुए कहा कि हथियारों के बल पर बस्तर की शांति भंग करने वालों को सुरक्षा बल करारा जवाब देंगे। शाह ने का कि दिल्ली में कुछ लोग वर्षों से यह गलत सूचना फैलाते रहे हैं कि नक्सलवाद का जन्म विकास की लड़ाई के लिए हुआ था। लेकिन मैं अपने आदिवासी भाइयों को बताने आया हूं कि पूरा बस्तर विकास से वंचित रहा है। इसका मूल कारण नक्सलवाद है। बस्तर में आयोजित इस कार्यक्रम को शाह ने संबोधित किया।

**बस्तर में अमित शाह की नक्सलियों को अंतिम चेतावनी**

# विपक्षी दलों से संबंध बेहतर करने का प्रयास.... उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन कर सकते मुलाकात



नई दिल्ली। नए निर्वाचित उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन जल्द ही विपक्षी दलों के नेताओं से मुलाकात करने की तैयारी में हैं। उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन का यह कदम विपक्षी नेताओं के साथ संबंधों को ठीक करने के प्रयास के रुप में देखा जा रहा है। उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन राज्यसभा के सभापति का पदभार ग्रहण करने के एक महीने के भीतर 7 अक्टूबर को विभिन्न राजनीतिक दलों के उच्च सदन में कुछ नेताओं के साथ बैठक करने वाले है। राधाकृष्णन ने 9 सितंबर को उपराष्ट्रपति चुनाव में जीत हासिल की थी। सूत्रों ने बताया कि वे सात अक्टूबर की शाम को कुछ विपक्षी नेताओं से मिलने और उसके बाद के दिनों में और भी नेताओं से मुलाकात कर सकते है। खास बात है कि पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के राज्यसभा के सभापति रहते विपक्ष के साथ रिश्ते ठीक नहीं थे। इसके बाद नए उपसभापति की विपक्ष के साथ पहली मीटिंग पर सबकी नजर रहेगी। यह कदम संसद के शीतकालीन सत्र से कुछ दिन पहले उठाया गया है, इसके अगले महीने शुरू होने की संभावना है। सूत्रों ने बताया कि सदन के नेताओं से मुलाकात का यह प्रयास विपक्षी नेताओं के साथ बेहतर संबंध बनने का प्रयास है। हालांकि, राज्यसभा के सभापति का पदभार ग्रहण करने के तुरंत बाद राधाकृष्णन से 12 सितंबर को कुछ विपक्षी नेताओं ने मुलाकात कर बधाई दी थी। लेकिन आगामी बैठक को विभिन्न दलों के नेताओं के साथ उनकी पहली औपचारिक बैठक माना जा रहा है।

● आरजेडी राज में बिहार की हालत सड़े पेड़ सी थी

# पीएम बोले-ना स्कूल खुलते थे, ना ही बच्चे आते थे

### मोदी ने कहा-बिहार से लाखों लोगों ने पलायन किया

**पटना (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को बिहार के युवाओं से वर्चुअली संवाद किया। इस दौरान उन्होंने संवाद कार्यक्रम में जुड़े युवाओं को जंगलराज की याद दिलाई। उन्होंने कहा, ढाई दशक पहले की शिक्षा व्यवस्था और बुरे हालात का आपको अंदाजा नहीं है। पहले बिहार में शिक्षा व्यवस्था तबाह थी। ना स्कूल खुलते थे ना बच्चे आते थे। बच्चों को बिहार छोड़कर जाना पड़ा। यहीं से पलायन की असली शुरुआत हुई। जिस पेड़ की जड़ों में कीड़ा लग जाता है, उसे फिर खड़े करने में बहुत मेहनत लगती है। आरजेडी के राज में बिहार में वही कीड़े लग गए थे। नीतिश जी के साथ मिलकर हम बिहार को फिर पटरी पर लाए। उन्होंने कहा, आरजेडी और कांग्रेस के शासन की तुलना में बिहार में शिक्षा के क्षेत्र में बहुत विकास हुआ है।



- **जंगलराज की याद दिलाई, तेजस्वी पर निशाना-** बिहार में पहले शिक्षा व्यवस्था चौपट थी। स्कूल बंद पड़े रहते थे। लोग पलायन करते थे। नीतिश जी के साथ मिलकर हमने बिहार में शिक्षा व्यवस्था को मजबूत किया। कर्पूरी ठाकुर को जननायक सोशल मीडिया पर ट्रोल करने वालों ने नहीं बनाया। उन्होंने पूरा जीवन समाज की भलाई के लिए लगाया था। आजकल लोग जननायक की भी चोरी करने में लोग लगे हैं। आपको सतर्क रहना है, कर्पूरी ठाकुर को जनता द्वारा दिया गया सम्मान कोई चोरी न कर ले।
- **नौजवान और महिलाएं हमारी प्राथमिकता-** आज बिहार के युवाओं के सशक्तिकरण का यह मेगा कार्यक्रम है। यह दिखाता है कि एनडीए सरकार बिहार के नौजवानों को, महिलाओं को कितनी प्राथमिकता दे रही है। भारत ज्ञान और कौशल का देश है।

## संपादकीय

# मौत का सिरप

कैसी विडंबना है कि जीवन रक्षा के लिये दी जाने वाली दवा मौत का कारण बन जाए। जो दवा की संदिग्ध गुणवत्ता और निमार्ता कंपनियों की आपराधिक लापरवाही को ही उजागर करती है। जाहिर है रसायनों की घातकता की मात्रा और गुणवत्ता में कोई खोट इस तरह के हादसों का सबब बना होगा। राजस्थान में कुछ बच्चों की मौत की वजह का संबंध उस सिरप से बताया जा रहा है, जो खांसी ठीक करने के लिये दिया गया। ये हादसे इस बात को रेखांकित करते हैं कि दवा की गुणवत्ता में चूक सामान्य उपचार को कितने जानलेवा जोखिम में बदल सकती है। बताया जाता है कि बच्चों को कथित रूप से मुख्यमंत्री की मुफ्त दवा योजना के तहत सरकारी अस्पतालों में एक जेनेरिक खांसी की सिरप दी गई थी। जबकि इस मामले में जांच चल रही है, यह त्रासदी भारत की फार्मास्यूटिकल निगरानी तंत्र की कोताही ही उजागर करती है। खासकर हिमाचल प्रदेश जैसे राज्यों में, जो फार्मा हब के रूप में प्रमुख रूप से उल्लेखित है। महत्वपूर्ण है कि हिमाचल प्रदेश की 655 फार्मास्यूटिकल इकाइयों में से केवल 122 ही जीएमपी यानी गुड मैन्युफैक्चरिंग प्रैक्टिसेज के संशोधित शेड्यूल एम मानकों के तहत अपग्रेड करने के लिये पंजीकृत हैं। इसका मतलब यह है कि अधिकांश फार्मा इकाइयां गुणवत्ता मानकों के अनुपालन को प्रमाणित किए बिना काम कर रही हैं। ये जनस्वास्थ्य के प्रति कितनी गैरजिम्मेदार स्थिति है। जबकि हकीकत यह है कि फार्मास्यूटिकल इकाइयों को अपग्रेड करने की समय सीमा कई बार बढ़ाई गई है। यह नियामक तंत्र की कमजोरियों और छोटी फर्मों में सुरक्षित प्रक्रियाओं में निवेश करने की अनिच्छा को ही उजागर करती है। यह विडंबना ही है कि हमारा तंत्र जन-स्वास्थ्य के खिलवाड़ के प्रति उदासीन बना हुआ है। निस्संदेह, जिन परिवारों ने अपने बच्चों को खोया, उनके लिये यह बहस कोई सांत्वना नहीं है। उन्हें सही मायनों में सांत्वना तभी मिलेगी जब आपराधिक लापरवाही करने वालों को दंडित किया जाएगा। विडंबना यह है कि अतीत में भी ऐसी कई त्रासदियां हुई हैं, लेकिन हमारे तंत्र ने इससे कोई सबक नहीं सीखा। हालांकि शुक्रवार को केंद्र सरकार ने सभी राज्यों को परामर्श जारी किया है कि दो साल से कम उम्र के बच्चों को खांसी और सर्दी की दवाइयां नहीं दी जाएं। वर्ष 2020 में भी एक ऐसी त्रासदी सामने आई थी, लेकिन कुछ दिन के शोर के बाद मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। विडंबना देखिए कि मृत बच्चों के परिजन आज भी न्याय की प्रतीक्षा में आंसू बहा रहे हैं। हकीकत यह है कि ऐसी मौतों की जिम्मेदारी तय करने में लगातार देरी होती रहती है। ऐसे हादसों को या तो कमतर दशार्या जाता है या फिर पूरी तरह से अस्वीकार कर दिया जाता है।

## चिंतन-मनन

# गुरु तत्व का सम्मान

जब भी तुमने बदले में किसी आशा के बिना किसी के किए कुछ भी किया हो, किसी को कोई सलाह दी हो, लोगों का मार्गदशर्न किया हो, उन्हें प्रेम दिया हो और उनकी देख-भाल की हो, तब तुमने गुरु की भूमिका निभाई है। गुरु तत्व सम्मान करने की और विश्वास करने की चीज है। तुम्हारे आस पास कितने लोग हैं जो सब के मूड, भावनाओं और दोषारोपण के बीच अटके हुए हैं। लेकिन अगर तुम्हारे पास गुरु हैं तो तुम्हें इन सब बातों से कोई फर्क नहीं पड़ेगा और अगर पड़ेगा भी तो वह कुछ मिनटों से ज्यादा टिकने वाला नहीं। जब व्यक्ति गुरु तत्व के इस सिद्धांत के साथ चलता है, तब सभी सीमाएं गिर जाती हैं और वह आस पास के सभी व्यक्तियों और सारे ब्रह्मांड के साथ एक होने का अनुभव करने लगता है। जब यह ज्ञान प्रकट होता है, दुःख गायब हो जाता है और आत्म-ग्लानि के लिए कोई स्थान नहीं रहता। अगर तुम्हारे भीतर आत्म-ग्लानि है, तो इसका अर्थ है अभी तक तुम गुरु तक आए नहीं हो। गुरु तक आने का अर्थ है श्रद्धा होना कि गुरु हमेशा हमारे साथ है। इसका अर्थ है हमें जो भी चाहिए वो होगा और हमें रास्ता दिखाया जाएगा। जीवन में शांति सुनिश्चित करने का सबसे अच्छा रास्ता साधना, सत्संग, आत्म-चिंतन और भक्ति द्वारा गुरु के निकट रहना है। इससे यह भी सुनिश्चित होगा कि तुममें आध्यात्मिकता मजबूत हो। हालांकि जब तुम शारीरिक रूप से गुरु के निकट नहीं हो पाते, तब भी मन और आत्मा से तुम गुरु के निकट हो सकते हो। जब व्याकुलता बहुत ज्यादा बढ़ जाए, तब समर्पण में आसन पाओ। गुरु या ईश्वर को समर्पण कर दो। गुरु को उनके शारीरिक रूप और व्यक्तित्व से परे देखो। ईश्वर, आत्मा और गुरु में कोई अंतर नहीं है। गुरु तुम्हारे असली स्वभाव का ही प्रतिबिम्ब है और तुम्हें आत्मा में वापस अग्रसर करने के लिए मार्गदशर्क है। अपनी लगन, श्रद्धा और वचनबद्धता से तुम स्पष्ट रूप से देख सकते हो कि चाहे कैसी भी परिस्थिति हो, जिस पल तुम गुरु को गुरु मान लेते हो, उनके सभी गुण प्राप्त करना संभव हो जाता है। एक बार जब गुरु उपाय बन जाते हैं, तुम जीवन में कभी पराजित नहीं होते। गुरु के लिए भक्ति काफी है। गुरु यहां तुम्हारे लिए हैं और तुम्हारे अच्छे और बुरे समय के दौरान तुम्हारे साथ हैं। तुम अकेले नहीं हो तो गुरु को ढूंढ़ निकालो और स्वाभाविक रूप से जियो और प्रेम और आनंद में खुशी मनाओ।

**आवश्यकता है**

आवश्यकता है दैनिक सब का सपना समाचार पत्र को उत्तर प्रदेश के समस्त जिलों में ब्लॉक स्तर, तहसील स्तर व जिला स्तर पर संवाददाताओं की इच्छुक अभ्यर्थी संपर्क करें या व्हाट्सएप करें।

9456884327/8218179552

# जरूरी है राष्ट्र निमार्ता के रूप में शिक्षकों का सम्मान




श्वेता गोयल

एक ओर जहां भारत में द्वितीय राष्ट्रपति डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस के अवसर पर 5 सितम्बर को 'शिक्षक दिवस' मनाया जाता है, वहीं दुनिया के अनेक देश 5 अक्तूबर को 'विश्व शिक्षक दिवस' मनाते हैं और इस अवसर पर शिक्षकों के सम्मान में दुनियाभर के देशों में तरह-तरह के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। दरअसल किसी भी देश के विकास की कल्पना शिक्षा के बिना बेमानी ही है, इसीलिए दुनियाभर के शिक्षकों के महत्व और उनके योगदान को सम्मान देने के लिए ही विश्व शिक्षक दिवस मनाया जाता है। यह दिवस मनाने का मूल उद्देश्य विश्वभर में शिक्षण और शिक्षकों के मूलभूत मुद्दों पर चर्चा करना है। वर्ष 1960 के आसपास करीब सभी देशों में शिक्षकों को विभिन्न प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ता था, जिसके लिए 5 अक्तूबर 1966 को 'टीचिंग इन फ्रीडम संधि' को मूर्त रूप दिया गया। इसमें दुनियाभर के शिक्षकों की स्थिति को सुधारने और उन्हें जागरूक करने के लिए एक समझौता पारित किया गया। दरअसल 5 अक्तूबर 1966 को पेरिस में एक कांफ्रैंस का आयोजन किया गया था, जिसमें शिक्षकों के अधिकार और जिम्मेदारी सहित उनसे संबंधित कई मुद्दों पर यूनेस्को तथा अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) की सिफारिशों को यूनेस्को द्वारा अपनाया गया था। यूनेस्को और आईएलओ की उस बैठक में शिक्षकों के अधिकारों, जिम्मेदारियों, रोजगार और शिक्षा के लिए दिशा-निर्देश बनाने का प्रस्ताव रखा गया था, जिसके बाद शिक्षक दिवस को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मनाने के लिए 1994 में 100 देशों के समर्थन के साथ संयुक्त राष्ट्र में यूनेस्को की इन सिफारिशों को प.रित कर दिया गया। उसी के बाद 5 अक्तूबर 1994 से विश्व शिक्षक दिवस की शुरूआत हुई और तभी से प्रतिवर्ष 5 अक्टूबर को इसे विश्व शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। इस वर्ष पूरी दुनिया 31वां विश्व शिक्षक दिवस मना रही है।

यूनेस्को द्वारा विश्व शिक्षक दिवस के लिए प्रतिवर्ष एक थीम निर्धारित की जाती है और विश्व शिक्षक दिवस 2025 का आधिकारिक विषय है 'शिक्षण को एक सहयोगात्मक पेशे के रूप में पुनः स्थापित करना'। यूनेस्को का मानना है कि पूरी दुनिया को इस समय वैश्विक स्तर पर शिक्षकों की अभूतपूर्व कमी का सामना करना पड़ रहा है, जो उनकी कामकाजी परिस्थितियों और स्थिति में गिरावट के कारण और भी गंभीर हो गई है। 2022 में विश्व शिक्षक दिवस 'शिक्षा का परिवर्तन शिक्षकों से शुरू होता है' थीम के साथ मनाया गया था। दरअसल वैसे तो व्यक्ति जीवनभर सीखता रहता है लेकिन शिक्षक के बिना सही ज्ञान नहीं मिलता, इसीलिए शिक्षक दिवस का विशेष महत्व होता है। 5 अक्तूबर के दिन विश्वभर में 100 से भी ज्यादा देशों में विश्व शिक्षक दिवस के अवसर पर तरह-तरह के आयोजन किए जाते हैं। प्रत्येक देश में इस दिन का अपने-अपने तरीके से स्वागत किया जाता है। कई देशों में तो इस दिन सार्वजनिक अवकाश भी रखा जाता है लेकिन वहां अवकाश के इन पलों को लोग अपने शिक्षकों के साथ किसी न किसी रूप में शेयर करते हैं। सही मायनों में विश्व शिक्षक दिवस महज सार्वजनिक अवकाश नहीं बल्कि एक वैश्विक उत्सव है।

हालांकि भारत सहित कुछ देश ऐसे भी हैं, जहां शिक्षक दिवस मनाए जाने की तारीख अलग-अलग हैं लेकिन सभी का उद्देश्य एक ही है। चीन में कन्फ्यूशियस के जन्मदिन के अवसर पर 27 अगस्त 1939 को शिक्षक दिवस मनाना आरंभ किया गया था किन्तु 1951 में यह घोषणा वापस ले ली गई और 1985 से 10 सितम्बर को शिक्षक दिवस मनाया जाने लगा। रूस में 1994 से 5 अक्तूबर को ही शिक्षक दिवस मनाया जाता है किन्तु 1965 से 1994 तक अक्तूबर माह के पहले रविवार को यह दिवस मनाया जाता था। ईरान में 2 मई 1980 को प्रोफेसर अयातुल्लाह मोतेर्जा मोतेहारी की हत्या के बाद उसी दिन को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाने लगा। मलेशिया में शिक्षक दिवस को 'हरि गुरू' के नाम से जाना जाता है, जो 16 मई को मनाया जाता है। वहां 16 मई 1956 को रजाक रिपोर्ट स्वीकृत हुई थी, जिसके आधार पर वहां शिक्षा प्रणाली का चयन हुआ था। उसी दिन को बाद में शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाने लगा। थाईलैंड में 1957 से ही प्रतिवर्ष 16 जनवरी को शिक्षक दिवस मनाया जाता है। उस दिन वहां सभी स्कूलों में अवकाश रहता है। तुर्की में यह दिवस 24 नवम्बर को जबकि अमेरिका में 6 मई को मनाया जाता है और इस उपलक्ष्य में माह के पहले सप्ताह में पूरे सप्ताह तक आयोजन होते हैं।

आस्ट्रेलिया में शिक्षक दिवस अक्तूबर महीने के अंतिम शुक्रवार को मनाया जाता है जबकि अर्जेन्टीना में इस दिवस का आयोजन डोमिनो फास्टिनो सामिएटो की मृत्यु के दिन 11 सितम्बर को किया जाता है। वियतनाम में 1958 में 20 नवम्बर को पहली बार यह दिवस अंतर्राष्ट्रीय शिक्षकों के घोषणा पत्र के रूप में मनाया गया था और 1982 में इसे पुनः नामांकित कर वियतनामी शिक्षक दिवस के रूप में घोषित किया गया। पेरू में 6 जुलाई 1953 को वहां के राष्ट्रपति मैनुएल ए आड्रिया ने एक अध्यादेश पारित कर इस दिन को शिक्षक दिवस के रूप में घोषित



किया था जबकि पाकिस्तान में यह अंतर्राष्ट्रीय शिक्षक दिवस के दिन 5 अक्तूबर को ही मनाया जाता है। चिली में 16 अक्तूबर को शिक्षकों के कॉलेज की स्थापना हुई थी, उसी उपलक्ष्य में वहां 16 अक्तूबर 1977 से इसी दिन शिक्षक दिवस मनाया जाने लगा जबकि ब्राजील में शिक्षक दिवस का आयोजन 15 अक्तूबर को किया जाता है। दरअसल 15 अक्तूबर 1827 को वहां पेड्रो ने प्राथमिक शिक्षा को नियंत्रित किया था लेकिन अधिकारिक रूप में 15 अक्तूबर को ही शिक्षक दिवस मनाने के लिए मान्यता 1963 में मिली थी। बहरहाल, यूनेस्को का कहना है कि 5 अक्तूबर को अंतर्राष्ट्रीय शिक्षक दिवस घोषित करने से दुनियाभर में सेवारत तमाम शिक्षकों को उनके द्वारा शिक्षा और विकास के क्षेत्र में दिए जा रहे अहम योगदान से लोगों को अवगत कराया जाता है, जिससे आम लोगों को शिक्षकों के बारे में और अधिक समझने का अवसर मिलता है।

(लेखिका डेढ़ दशक से अधिक समय से शिक्षण क्षेत्र में सक्रिय हैं)

(यह लेखिका के व्यक्तिगत विचार हैं इससे संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है)

# भारत को पीओके की पुकार: पाकिस्तान के अत्याचारों से मुक्ति



दिलीप कुमार पाठक



धर्म के नाम पर पाकिस्तान की स्थापना हुई थी, यही कारण है कि आजतक पाकिस्तान राजनीतिक रूप से स्थायी नहीं है, कोई न कोई बड़ा राजनीतिक घटनाक्रम होता ही रहता है' बांग्लादेश, अफगानिस्तान के अलगाव के बाद पीओके यानि पाक अधिकृत कश्मीर में हमेशा पाकिस्तान से अलग होने की आवाजें बुलन्द होती रहती हैं' अभी कुछ महीनों पहले अपनी आवाज दुनिया तक पहुंचाने के लिए वहाँ के विद्रोही लोगों ने ट्रेन हाईजैक कर लिया था, खासी मुठभेड़ के बाद पाकिस्तान की सेना ने वहाँ की विरोधी आवाजों का दमन कर दिया था' पाकिस्तानी सेना ने अब तब पीओके पर दमनपूर्वक जबरन कब्जा कर रखा है, अन्यथा वहाँ कई बार भारत में विलय एवं जनमत संग्रह की मांगें उठती रहती हैं' अब देखना यह है कि पाकिस्तानी सेना कब तक इन आवाजों को दबा पाती है' अभी हाल फि लहाल पीओके में विरोध प्रदर्शन मुख्य रूप से बिजली संकट, महंगे बिल, इंटरनेट ब्लैकआउट, मानवाधिकार उल्लंघन, और आर्थिक उपेक्षा के खिलाफ शुरू हुआ है' जॉइंट अवामी एक्शन कमिटी इन प्रदर्शनों का नेतृत्व कर रही है' पाकिस्तानी नेतृत्व पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में जनता की बुनियादी जरूरतों को भी पूरा करने में फेल साबित हो रहा है' पाक अधिकृत कश्मीर में स्थानीय लोगों के प्रदर्शन के दौरान पाकिस्तानी सेना का अत्याचार अब संयुक्त राष्ट्र तक तक पहुंच गया है' वैसे भी पीओके पर जुल्म इतना बढ़ गया है कि वहाँ की चीखें पूरी दुनिया में सुनाई देने लगी हैं, वो तो भारत सरकार की नीतियों की विफलता है अन्यथा अब तक पीओके भारत का हिस्सा बन चुका होता' देश जमीन के टुकड़ों पर नहीं बनता बल्कि देश में रहने वाले लोगों के कारण देश बनता है, जहां पाकिस्तान मानवीय मूल्यों को ताक पर रखकर जबरदस्ती लोगों पर राज करना चाहता है, हालांकि अब बड़ा कठिन सा प्रतीत हो रहा है' पीओके के राजनीति दलों ने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद से मांग की है कि वठ तुरंत यहां दखल दे और यहां की जनता को पाकिस्तानी सेना के अत्याचार से बचाए' 29 सितंबर से चल रहे नागरिकों के प्रदर्शन में अब तक 12 लोग मारे जा चुके हैं' एक जान की भी कीमत होती है, पाकिस्तान की सेना को इसका खामियाजा जरूर भुगतना होगा'

स्विटजरलैंड के जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद 60वें सेशन के दौरान पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर की पार्टी (यूनाइटेड कश्मीर पीपुल नेशनल पार्टी) ने इस मुद्दे को उठाते हुए कहा कि पाकिस्तान को कश्मीरियों को मारने, हमारी जमीन और हमारे संसाधनों पर कब्जा करने, हमारे लोगों पर अत्याचार करने और उन्हें खत्म करने का कोई हक नहीं है' पीओके के स्थानीय नेता इस मुद्दे को पूरी दुनिया के सामने लेकर आए हैं, हालांकि उन्होंने कितना शोषण, दमन झेला है, इसकी कल्पना करना भी असहनीय पीड़ा को सहन करने जैसा है' यूनाइटेड कश्मीर पीपुल नेशनल पार्टी के प्रवक्ता सरदार नासिर अजीज खान ने जिनेवा में कहा कि पाक अधिकृत कश्मीर में कई लोग गायब हो गए हैं, परंतु हाल ही में कश्मीर में जो हो रहा है, उससे लोग अपनी जान को लेकर चिंतित हैं क्योंकि 29 सितंबर से अब तक 12 से ज्यादा लोगों की जान जा चुकी है' नासिर ने आरोप लगाया कि पाकिस्तान यहां के लोगों पर क्रूर बल प्रयोग कर रहा है और प्रदर्शनकारियों पर अंधाधुंध गोलियां चला रहा है जिससे लोग मारे जा रहे हैं' सैकड़ों लोग जेल में हैं और उन्हें प्रताड़ित किया जा रहा है' उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र में इस अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के जमावड़े के माध्यम से हम आग्रह करते हैं कि संयुक्त राष्ट्र उन कश्मीरियों की जान बचाने के लिए हस्तक्षेप करे जो पाकिस्तानी कब्जे में रह रहे हैं' कश्मीरियों के साथ बहुत बुरा व्यवहार किया जा रहा है। इसके बाद उन्होंने इस्लामाबाद प्रेस क्लब में इस मुद्दे पर प्रदर्शन कर रहे लोगों पर पुलिस के एक्शन की निंदा की' पीओके पर पाक सेना को कश्मीरियों को मारने, जमीन और संसाधनों पर कब्जा करने और उन लोगों पर अत्याचार करने और उन्हें खत्म करने का कोई हक नहीं है' निरन्तर विरोधी आवाजें गूँज रही हैं' 2 अक्टूबर 2025 पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर के जॉइंट अवामी एक्शन कमिटी के सदस्य इस्लामाबाद प्रेस क्लब के बाहर प्रदर्शन कर रहे थे इस दौरान पुलिस प्रेस क्लब में घुस गई, पुलिस ने प्रदर्शन बल पूर्वक कुचलने के लिए क्लब के अंदर घुसकर पत्रकारों और स्टाफ पर लाठीचार्ज किया, कैफेटेरिया को तोड़ा-फोड़ा, कैमरे और मोबाइल फोन तोड़े और कुछ लोगों को गिरफ्तार किया' वीडियो फुटेज में पुलिस को पत्रकारों को घसीटते और पीटते हुए दिखाया गया है' यह घटना पीओके में चल रहे पांचवें दिन के विरोध प्रदर्शनों के बीच हुई, जहां बाजार बंद हैं और इंटरनेट कटा हुआ है' इस मुद्दे पर भारत को दखल देते हुए पाकिस्तान को कड़ा संदेश देना चाहिए कि पीओके पर जुल्म खत्म हो, भारत सरकार को बांग्लादेश की तरह इसका हल निकालना होगा, पूरी दुनिया पीओके की स्थिति से वाकिफ है, हालांकि यूएनओ कुछ नहीं कर पाएगा, अब तो भारत को ही इसका हल निकालना होगा' पीओके की जनता भारत के साथ विलय चाहती है' पाकिस्तान को सबक सिखाने का भरपूर मौका है, जो भारत को गंवाना नहीं चाहिए'

# स्वदेशी एवं स्वावलम्बन ही नये भारत का आधार

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्थापना महोत्सव यानी प्रत्येक वर्ष विजयदशमी के अवसर पर संघ प्रमुख का उद्बोधन एक नए संदेश और नये दृष्टिकोण के साथ सामने आता है, इस उद्बोधन का पूरा राष्ट्र इंतजार करता है। इस बार संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कई ऐसी बातें कहीं, जो सरकार के साथ समाज के लोगों का ध्यान खींचने वाली हैं। इस पर आश्चर्य नहीं कि उन्होंने अपने संबोधन में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की ओर से भारत पर थोपे गए टैरिफ की चर्चा की। 50 प्रतिशत अमेरिकी टैरिफ ने भारत के समक्ष जो कठिन चुनौती खड़ी कर दी है, उसका प्रभावी ढंग से सामना स्वदेशी और स्वावलंबन की राह पर चलकर ही किया जा सकता है। भागवत ने संबोधन में स्वदेशी और स्वावलंबन को नए भारत का आधार बताया है। उन्होंने कहा कि आज की वैश्विक अर्थव्यवस्था में परस्पर निर्भरता एक स्वाभाविक स्थिति है, लेकिन यह निर्भरता कभी भी बंधन या मजबूरी में परिवर्तित नहीं होनी चाहिए। भारत को आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ना होगा ताकि विदेशी निर्णयों और नीतियों पर हमारी नियंत्रण क्षमता सीमित न हो जाए। उनका कहना था कि स्वदेशी का अर्थ यह नहीं है कि हम दुनिया से कट जाएं, बल्कि यह है कि हम अपनी शर्तों पर और अपनी आवश्यकताओं के अनुसार संबंध बनाएं।

संघ की स्थापना का यह अवसर केवल एक उत्सव मात्र नहीं था, बल्कि यह आयोजन भारत की आत्मा और उसके भविष्य की एक गहन घोषणा थी। भागवत ने स्पष्टता और गंभीरता से अपने विचार रखे, भारत को विश्वगुरु बनाने की दिशा में एक नया क्षितिज भी उद्घाटित किया। यह आयोजन संघ के सौ वर्ष सम्पूर्णता की साधना का मूल्यांकन ही नहीं, बल्कि आने वाले सौ वर्षों की दिशा का भी उद्घोष था। नई इबारत लिखते हुए भागवत ने स्पष्ट कहा कि संघ की कार्यप्रणाली का सार है, नए मनुष्य एवं सशक्त-स्वावलम्बी भारत का निर्माण। यह विचार सुनने में सरल लग सकता है, किंतु इसके निहितार्थ अत्यंत गहरे हैं। समाज और राष्ट्र की सारी समस्याओं का मूल व्यक्ति के भीतर छिपा है। इसीलिये देश के सभी वर्गों को एकसूत्र में जोड़ने के संकल्प के साथ संघ आगे बढ़ेगा क्योंकि जब तक व्यक्ति का चरित्र, दृष्टि और आचरण नहीं बदलते, तब तक कोई भी व्यवस्था स्थायी रूप से परिवर्तित नहीं हो सकती। संघ व्यक्ति-निर्माण के माध्यम से समाज और राष्ट्र को बदलने की दीर्घकालिक




साधना कर रहा है। यही कारण है कि संघ के कार्य का परिणाम केवल शाखाओं या कार्यक्रमों में नहीं मापा जा सकता, बल्कि उस अदृश्य लेकिन ठोस नैतिक शक्ति एवं सशक्त राष्ट्रीय भावना में देखा जा सकता है, जो धीरे-धीरे समाज की दिशा बदल रही है।

भागवत ने स्पष्ट किया कि आत्मनिर्भरता केवल आर्थिक दृष्टि तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सामाजिक, सांस्कृतिक और जीवन मूल्यों से भी जुड़ी हुई है। उन्होंने विविधता को भारत की विशेषता बताया और समाज में विभाजनकारी प्रवृत्तियों पर चेताया। उन्होंने पंच परिवर्तन की संकल्पना भी प्रस्तुत की जिसमें आत्मजागरूकता, पारिवारिक मूल्य, नागरिक अनुशासन और पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता को जोड़ा गया है। इस संदेश के सकारात्मक पक्ष अनेक हैं। यदि इसे गंभीरता से अपनाया जाए तो यह देश की आर्थिक और सामाजिक स्थिति को नई दिशा दे सकता है। स्थानीय उद्योगों, हस्तशिल्प और कृषि को बढ़ावा देने से रोजगार का सृजन होगा और आर्थिक आत्मसम्मान मजबूत होगा। स्वदेशी पर बल देने से विदेशी निर्भरता घटेगी और देश की सुरक्षा व नीति संबंधी स्वतंत्रता बढ़ेगी। यदि समाज के स्तर पर भी इस सोच को अपनाया जाए तो उपभोक्तावाद के स्थान पर संवेदनशीलता और सेवा भाव विकसित होगा। विविधता के सम्मान और सामाजिक सद्भाव के आग्रह से राष्ट्र अधिक एकजुट और शक्तिशाली बन सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी जिस आत्मनिर्भर भारत का आह्वान कर रहे हैं, उसका मूल उद्देश्य केवल आर्थिक स्वतंत्रता तक सीमित नहीं है। यह संदेश देश की घरेलू क्षमताओं को सशक्त बनाने, आयात पर निर्भरता घटाने और स्थानीय उद्योगों को प्रोत्साहन देने के साथ-साथ विकास की दिशा को व्यापक सामाजिक सरोकारों से भी जोड़ता है, जिसमें महात्मा गांधी की ह्यस्वदेशी अपनाओह्ण और पंडित दीनदयाल उपाध्याय की ह्यअंत्योदयह्ण की परिकल्पना स्पष्ट तौर पर समाहित है।

स्वदेशी और स्वावलंबन की राह पर चलकर ही नया भारत-सशक्त भारत का निर्माण किया जा सकता है। इस बात को सरकार भी रेखांकित कर चुकी है और अब संघ प्रमुख ने भी दोहरा दिया। यह समय की मांग है कि स्वदेशी और स्वावलंबन पर तब तक बल दिया जाए, जब तक वांछित सफलता न मिल जाए। जहां सरकार को स्वदेशी की राह को आसान करना होगा, वहीं समाज को सहयोग देने के लिए तत्पर रहना होगा। इस उम्मीद में नहीं रहा जाना चाहिए कि अमेरिका के साथ शीघ्र ही आपसी व्यापार समझौता हो जाएगा। एक तो जब तक ऐसा हो न जाए तब तक चैन से नहीं बैठा जा सकता और दूसरे, यदि ऐसा हो जाए तो भी भारत को स्वदेशी और स्वावलंबन की राह पर चलना छोड़ना नहीं चाहिए। व्यापारिक साझेदारों पर निर्भरता लाचारी में नहीं बदलनी चाहिए। वास्तव में इस स्थिति से बचने का ही उपाय है स्वदेशी उत्पादन पर ध्यान केंद्रित करना। परंतु इस संदेश के साथ कई चुनौतियां और सीमाएं भी जुड़ी हुई हैं। आज की वैश्विक अर्थव्यवस्था इतनी आपस में गुँथी हुई है कि किसी भी देश का पूर्ण स्वावलंबन व्यावहारिक रूप से संभव नहीं है। अनेक तकनीकें और कच्चे माल अब भी हमें विदेशों से ही प्राप्त करने होते हैं। यदि स्वदेशी को बढ़ावा देने के नाम पर विदेशी व्यापार पर प्रतिबंध या अधिक शुल्क लगाए जाते हैं तो यह व्यापार युद्ध और आर्थिक तनाव को जन्म दे सकता है। इस संदेश की सफलता केवल भाषणों और भावनात्मक नारों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए बल्कि ठोस नीतियों, बजट, शोध और योजनाओं के आधार पर इसे अमल में लाना होगा।

सामाजिक दृष्टि से भी यह आवश्यक है कि स्वदेशी और स्वावलंबन का नारा केवल एक सांस्कृतिक या राजनीतिक रंग में न ढल जाए। यह तभी कारगर होगा जब इसे हर वर्ग, हर धर्म और हर क्षेत्र का साझा लक्ष्य बनाया जाएगा। नागरिकों की आदतों और व्यवहार में बदलाव लाना आसान नहीं है, लेकिन यदि यह बदलाव शिक्षा, प्रोत्साहन और जनचेतना के माध्यम से लाया जाए तो यह नारा समाज में गहरी जड़ें जमा सकता है। संघ प्रमुख का यह संदेश नए भारत की दिशा में प्रेरणा का स्रोत है। यह हमें बताता है कि हमें अपनी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक शक्ति पर गर्व करना चाहिए, वैज्ञानिक और तकनीकी दृष्टि से सशक्त होना चाहिए और विश्व के साथ संवाद स्थापित करते हुए भी अपनी स्वायत्तता को बनाए रखना चाहिए। किंतु इसके लिए आलोचनात्मक विवेक, व्यावहारिक सोच और निरंतर समीक्षा की आवश्यकता है। आज विभिन्न देशों की परस्पर मित्रता का आधार अपने-अपने आर्थिक-कूटनीतिक हित हैं। इन स्थितियों में सर्वोत्तम उपाय स्वदेशी को बल देते हुए देश को आत्मनिर्भर बनाना है। आज की वैश्विक परिस्थितियों पर दृष्टि डालें तो भागवत के विचार और भी प्रासंगिक हो उठते हैं। दुनिया हिंसा, आतंकवाद, युद्ध और उपभोक्तावाद की अंधी दौड़ से त्रस्त है। पर्यावरण संकट दिन-प्रतिदिन गंभीर होता जा रहा है। मानसिक तनाव और आत्मकेंद्रित जीवन-शैली ने मानव को भीतर से खोखला कर दिया है। इन परिस्थितियों में भारत ही वह देश है, जो एक वैकल्पिक जीवन-दर्शन दे सकता है।

# चितनपुर गांव में बदहाल सफाई व्यवस्था, सरकारी हेड पंप खराब शुद्ध पानी को तरसे ग्रामीण






**बहजोई/संभल(सब का सपना):-** विकासखंड के अंतर्गत आने वाले चितनपुर गांव में स्वच्छता और बुनियादी सुविधाओं का अभाव ग्रामीणों के लिए गंभीर समस्या बन गया है। गांव की सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चौपट हो चुकी है। नाले गंदगी से अटे पड़े हैं, जिसके कारण गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है। इस स्थिति ने मच्छरों की पैदावार को बढ़ावा दिया है, जिससे बच्चों और बुजुर्गों में बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि लंबे समय से कोई सफाई कर्मचारी गांव में नहीं आया, जिसके चलते गंदगी का आलम हर ओर फैल गया है इसके साथ ही, गांव में पानी की किल्लत ने ग्रामीणों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। गांव के तीन से चार हेड पंप लंबे समय से खराब पड़े हैं, जिसके कारण ग्रामीणों, खासकर महिलाओं और छोटे बच्चों को पानी लाने के लिए दूर-दूर तक भटकना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि पानी की यह समस्या कई महीनों से बनी हुई है, जिससे दैनिक जीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। महिलाओं को पानी लाने के लिए घंटों मेहनत करनी पड़ रही है, वहीं बच्चे भी इस परेशानी से अछूते नहीं हैं।

ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान से कई बार शिकायत की, लेकिन उनकी समस्याओं का कोई समाधान नहीं हुआ। ग्रामीणों ने बताया, "हमने बार-बार ग्राम प्रधान को खराब हेड पंप और सफाई की समस्या के बारे में बताया, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही। गंदगी के कारण गांव में बीमारियां फैल रही हैं, और पानी की कमी ने जीना मुहाल कर दिया है।" एक अन्य ग्रामीण पानी लाने के लिए दूर तक जाना पड़ता है। बच्चों को भी इस काम में लगाना पड़ रहा है, जिससे उनकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है।" गांव की इस बदहाल स्थिति ने ग्रामीणों में प्रशासन और स्थानीय नेतृत्व के प्रति आक्रोश को जन्म दिया है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि तत्काल प्रभाव से सफाई कर्मचारियों को नियुक्त किया जाए, नालों की नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए और खराब हेड पंपों की मरम्मत कर पानी की आपूर्ति बहाल की जाए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी समस्याओं का जल्द समाधान नहीं हुआ, ग्रामीण अब शीघ्र कार्रवाई की उम्मीद में प्रशासन की ओर टकटकी लगाए बैठे हैं, ताकि उनके गांव में स्वच्छता और बुनियादी सुविधाओं की स्थिति में सुधार हो सके।

इस संबंध में सचिव असलम से बात की गई तो उन्होंने बताया एक दो दिन में ही हैंडपंपों को ठीक कराया जाएगा और सफाई कर्मचारी अभी फिलहाल में तैनात हुआ है एक-दो दिन में पहुंच जाएगा।

## रहरा अड्डे पर ओवरलोड ट्रक ने बाइक सवार को कुचला, मौत



**हसनपुर/अमरोहा (सब का सपना):-** कोतवाली के रहरा अड्डे पर एक ओवरलोड ट्रक ने बाइक सवार को बुरी तरह से कुचल दिया जिसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक की मौत से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। बता दें कि सड़क दुर्घटना का यह भयानक मंजर हसनपुर नगर कोतवाली के रहरा अड्डे पर देखने को मिला जहां पर एक ओवरलोड अनियंत्रित ट्रक ने एक बाइक सवार को बुरी तरह से कुचल दिया जिसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ का जमावड़ा लग गया, घटना की सूचना पुलिस को दी गई,मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक युवक के शव की शिनाख्त फतेह सिंह पुत्र हेतराम निवासी ग्राम शाहपुर खुर्द हसनपुर, जनपद अमरोहा के रूप में की। इसके बाद पुलिस द्वारा मृतक के शव को अपने कब्जे में लिया गया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं पुलिस द्वारा मौके से ट्रक को कब्जे में लेकर कोतवाली भिजवाया गया और अग्रिम कार्यवाही में जुट गई। उधर घटना की सूचना पर मृतक युवक के परिजन भी कोतवाली पहुंच गए और पुलिस से मामले में कानूनी कार्रवाई की मांग की। जानकारी देते हुए परिजनों ने बताया कि मृतक फतेह सिंह घर से बाइक में तेल डलवाने के लिए निकाला था ।युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है , वहीं इस मामले में हसनपुर कोतवाली प्रभारी प्रेमपाल सिंह का कहना है कि घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची थी जिसने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, घटनास्थल से ट्रक व बाइक को कब्जे में ले लिया गया है और मामले में अग्रिम कार्यवाही प्रचलित है।

# डीएम ने की संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए द्वितीय समन्वय बैठक



**अमरोहा (सब का सपना):-** जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में द्वितीय द्वितीय अन्तर्विभागीय समन्वय बैठक आहूत की गई। जिलाधिकारी ने 05 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक चलने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं 11 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक चलने वाले दस्तक अभियान के तहत व्यापक जनजागरूकता के लिए के लिए निर्देश दिए कि विभिन्न माध्यम से संचारी रोगों से बचाव के उपाय, स्वच्छता के महत्व एवं दस्तक अभियान की जानकारी आमजन तक पहुँचाई जाए। निधि गुप्ता वत्स ने सभी अधिकारियों से अपेक्षा व्यक्त करते हुए कहा कि अभियान के दौरान जनसहभागिता के माध्यम से संचारी रोगों पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित किया जाए। जल भराव को जल्द से जल्द समाप्त किया जाए। स्थानीय निकायों पर संवेदीकरण एवं शहरी टास्क फोर्स बैठकें और ग्राम प्रधान, ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत विकास अधिकारी एवं ग्राम पंचायत सहायकों के संवेदीकरण हेतु ब्लॉक स्तरीय बैठकें जहां पर नहीं हो पाई हैं, वहां पर कल तक शत प्रतिशत कर रिपोर्ट उपलब्ध कराएं। उन्होंने निर्देशित किया कि प्रशिक्षण को प्रभावी बनाया जाए, जिसमें ग्राम प्रधानों एवं पंचायत सहायकों की अनिवार्य सहभागिता सुनिश्चित हो।

डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विभागीय माइक्रोप्लान के अनुसार सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय स्थापित कर संचारी रोग नियंत्रण की गतिविधियों को प्रभावी ढंग से संचालित करें। लोगों को संचारी रोगों से बचने के लिए क्या करें और क्या न करें के संबंध में सीधे और सरल भाषा में जानकारी दी जाए। शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों में झाड़ियों की कटाई कराई जाए। उन्होंने ग्राम पंचायतों, शहरी वार्डों, आंगनवाड़ी केंद्रों एवं विद्यालयों में साफ-सफाई, जलभराव की रोकथाम, एंटी लार्वा स्प्रे, गड्ढों की भराई, मच्छरजनित रोगों की रोकथाम कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 सत्यपाल सिंह, सीएमएस डॉ0 एके भंडारी मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ0 आभा दत्त, डीपीओ ज्ञान प्रकाश तिवारी, समस्त सीएचसी एवं पीएचसी से प्रभारी चिकित्सक और एडीओ पंचायत सहित संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# पुलिस अधीक्षक ने आगामी त्योहारों के दृष्टिगत जनपद में पुलिस बल व स्वॉट टीम के साथ किया फ्लैग मार्च




**अमरोहा (सब का सपना):-** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद द्वारा शुक्रवार की नमाज को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराए जाने हेतु थाना अमरोहा नगर क्षेत्रान्तर्गत पुलिस बल व स्वॉट टीम के साथ नगर के मुख्य मार्गों, बाजारों, धार्मिक स्थलों, संवेदनशील स्थानों व भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में फ्लैग मार्च किया गया। इस दौरान स्थानीय नागरिकों, व्यापारियों एवं आमजन को आश्वस्त किया गया कि त्योहारों के अवसर पर पुलिस प्रशासन पूर्णतः सतर्क एवं मुस्तैद है और किसी भी प्रकार की अराजकता, अशांति अथवा असामाजिक गतिविधियों में संलिप्त पाये जाने पर उनके विरूद्ध कानूनी कार्यवाही अमल मे लायी जायेगी। पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया कि त्योहारों को आपसी सौहार्द, भाईचारे व शांति के साथ मनाया जाए। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जनपद स्तर पर व्यापक सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं। नमाज के दौरान तथा पूर्व निर्धारित संवेदनशील स्थलों पर न केवल पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया बल्कि तकनीकी संसाधनों का भी प्रभावी उपयोग किया गया। ड्रोन कैमरों से लगातार हवाई निगरानी कर स्थिति पर पैनी नजर रखी गई, वहीं डायल 112 पीआरवी वाहनों को रणनीतिक स्थानों पर तैनात कर त्वरित रिस्पॉन्स सुनिश्चित किया गया। इसके अतिरिक्त थाना स्तर पर पुलिस बल द्वारा पैदल गश्त एवं सतत भ्रमण कर आमजन को सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें तथा सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने में पुलिस प्रशासन को सहयोग देना सभी का कर्तव्य है।

इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी नगर, थाना प्रभारी अमरोहा नगर सहित पर्याप्त पुलिस बल मौजूद रहा और पूरे जनपद में कानून-व्यवस्था की स्थिति पूर्णतः सामान्य है ।

# एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजनान्तर्गत बैठक का आयोजन



**अमरोहा (सब का सपना):-** जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में गांधी सभागार, कलैक्ट्रेट, में एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष- 2025-26 में करायें जाने वाले कार्यक्रमों के अनुमोदन एवं अनुश्रवण हेतु डी0एम0सी0 की बैठक सम्पन्न हुई। बैठके में जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स द्वारा जिला उद्यान अधिकारी, अमरोहा को निर्देशित किया गया कि माह-अक्टूबर, 2025 के अन्तिम सप्ताह तक एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजनान्तर्गत जनपद को प्राप्त दो दिवसीय कृषक प्रशिक्षण एवं जनपद स्तरीय गोष्ठी का आयोजन कराकर विभागीय योजनाओं का प्रचार-प्रसार कराते हुए आवंटित लक्ष्यों की शत-प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित की जायें तथा अध्यक्ष द्वारा यह भी निर्देशित किया गया है कि जनपद में एक मशरुम उत्पादन यूनिट की स्थापना, विकास खण्ड- धनौरा में टमाटर एवं खीरा उत्पादन हेतु पॉली हाउस की स्थापना एवं विकास खण्ड- हसनपुर में एक नर्सरी की स्थापना इच्छुक एफ0पी0ओ0 एवं स्वयं सहायता समूह का प्रस्ताव तैयार कराकर अतिशीघ्र निदेशालय उद्यान, लखनऊ से स्वीकृत कराते हुए यूनिट की स्थापना करायी जायें। पात्र लाभार्थियों का चयन सम्पूर्ण पारदर्शता के साथ प्रथम-आवक प्रथम-पावक के आधार पर किया जायें तथा शत-प्रतिशत कार्यो की पूर्ति की जायें।

मुख्य विकास अधिकारी, अमरोहा द्वारा निर्देशित किया गया कि जनपद को प्राप्त होने वाले आलू बीज का आवंटन शीघ्र अपने प्रयास से कराते हुए शासन द्वारा निर्धारित दर पर कृषकों के मध्य दिपावली पर्व के आस-पास वितरित कराया जायें। जिलाधिकारी द्वारा यह भी निर्देशित किया गया कि योजना का मासिक अनुश्रवण कराने एवं सत्यापन कर योजना की उपलब्धि से अवगत कराया जायें। बैठक में उपस्थित कृषकों,

स्वयं सहायता समूह एवं एफ0पी0ओ0 को शाकभाजी फसलों का उत्पादन पैस्टीसाईड से न कर जैविक तकनीकी से करने हेतु प्रेरित किया गया एवं सभी सम्मानित सदस्यों द्वारा कार्यक्रम कराने हेतु अनुमोदन देते हुए बैठक का समापन किया गया। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी सरिता द्विवेदी, जिला उद्यान अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी एवं कृषक बंधु उपस्थित रहे।

# शैक्षिक सत्र 2025-26 में दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत ऑनलाइन करे आवेदन



**अमरोहा (सब का सपना):-** जिले में हैडलाईन-पूर्वदशम (कक्षा 9-10) एवं दशमोत्तर (कक्षा 11-12) विद्यालयों को मास्टर डाटाबेस में सम्मिलित होने की अन्तिम तिथि 05 अक्टूबर, 2025, उपर्युक्त विषयक मुख्य सचिव, समाज कल्याण अनुभाग-3 उत्तर प्रदेश शासन के शासनादेश संख्या-129/2025/1905/26-03-2025-1396097 दिनांक 28 जुलाई, 2025 के द्वारा वित्तीय वर्ष/शैक्षिक सत्र 2025-26 में पूर्वदशम् (कक्षा 9-10) दशमोत्तर (कक्षा 11-12) छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत ऑनलाइन आवेदन से लेकर वितरण हेतु संशोधित समय-सारिणी जारी की गयी है। उक्त समय सारिणी के अनुसार छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत मास्टर डाटाबेस तैयार करने, सत्यापन, लॉक करने एवं छात्रों को छात्रवृत्ति के ऑनलाइन आवेदन करने तथा वितरण हेतु तिथियां निर्धारित की गयी हैं। पूर्वदशम (कक्षा 9-10) एवं दशमोत्तर (कक्षा 11-12) विद्यालयों को मास्टर डाटाबेस में सम्मिलित होने तथा जिला समाज कल्याण अधिकारी अमरोहा से पास-ावर्ड प्राप्त करना (नवीन संस्थायं) एवं मास्टर डाटा में सम्पूर्ण सूचनाये भरकर/अपलोड करके प्रमाणित करने कि अन्तिम तिथि 05 अक्टूबर, 2025 है। जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा शिक्षण संस्था, पाठ्यक्रम, पाठ्यक्रम का प्रकार, सीटों की संख्या एवं फीस आदि को अंकित कर उसकी प्रमाणिकता को डिजिटल हस्ताक्षर से प्रमाणित करने हेतु अन्तिम तिथि 15 अक्टूबर, 2025 है।

वित्तीय वर्ष-2025-26 में पूर्वदशम (कक्षा 9-10) छात्रवृत्ति एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत (कक्षा 11-12) के समस्त पात्र छात्र/छात्राओं के छात्रवृत्ति बैंक खाते में आधार सीडिंग व छच्ब् से मैंपिंग एवं आनलाइन आवेदन कराने हेतु अपने विद्यालय में सूचना पट, दैनिक समाचार पत्रों कक्षाध्यापक एवं अन्य माध्यमों से व्यापक प्रचार प्रसार कराते हुए शासन द्वारा जारी समय-सारिणी के अनुसार समयान्तर्गत समस्त कायार्वाही पूर्ण करा ली जाऐ ताकि कोई भी पात्र छात्र छात्रवृत्ति आवेदन करने से वंचित न रहे।

# भीरावटी गांव में स्वास्थ्य विभाग की सक्रिय कार्रवाई



**रजपुरा /संभल (सब का सपना):-** जनपद के ब्लॉक रजपुरा के गांव भीरावटी में मलेरिया विभाग ने ज्वर प्रभावित क्षेत्र में मच्छरजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए व्यापक कार्रवाई की। विभाग द्वारा 75 घरों में सोर्स रिडक्शन अभियान चलाया गया, जिसमें 120 कंटेनरों की जांच की गई। जांच के दौरान किसी भी कंटेनर में मच्छर का लार्वा नहीं पाया गया। इसके अतिरिक्त, 73 घरों में स्पेस स्प्रे का छिड़काव किया गया और 16 कंटेनरों में जमा पानी को खाली कराया गया। गांव में लावीसाईड दवा का छिड़काव भी किया गया ताकि मच्छरों के प्रजनन को पूरी तरह रोका जा सके। मलेरिया विभाग की इस त्वरित और प्रभावी कार्रवाई से गांव में मलेरिया और अन्य मच्छरजनित बीमारियों के खतरे को कम करने में मदद मिली है। ग्रामीणों ने विभाग के इस प्रयास की सराहना की और स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग का आश्वासन दिया।

## नुक्कड़ नाटक का किया गया आयोजन




**अमरोहा (सब का सपना):-** जिले में संचालित राजकीय, अशासकीय सहायता प्राप्त एवं वित्तविहीन मान्यता प्राप्त विद्यालय जनपद अमरोहा में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सम्मान एवं स्वावलम्बन के लिए मिशन शक्ति एवम सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान हेतु कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। जिसके तहत विद्यालय में अध्ययनरत बालिकाओं को विभिन्न सामाजिक मुद्दे जैसे जेंडर स्टीरियो टाइप, बाल विवाह पर जागरूकता उत्पन्न करने हेतु नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया जिससे बालिकाओं में आत्मनिर्भर, सुरक्षा सम्मान एवं स्वावलम्बन का भाव जागृत हुआ।

# ग्राम प्रधान पर अवैध वसूली का आरोप, ग्रामीणों का तहसील दिवस पर जोरदार प्रदर्शन





**बिजनौर (सब का सपना)** शो सिंह सैनीः- जनपद के शेरकोट क्षेत्र के ग्राम पालकी एमन के ग्रामीणों का गुस्सा आज तहसील परिसर में फूट पड़ा। बड़ी संख्या में एकत्र होकर पहुंचे ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान दिनेश कुमार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और गंभीर आरोपों के साथ अधिकारियों को प्रार्थना पत्र सौंपा। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि प्रधान ने गरीबों को सरकारी पट्टा दिलाने के नाम पर उनसे मोटी रकम वसूली, लेकिन आज तक किसी को कोई लाभ नहीं मिला। ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम प्रधान ने शुरूआत में भरोसा दिलाया कि वह पात्र लोगों को सरकारी योजनाओं के तहत भूमि पट्टा दिलवाएंगे, लेकिन जब लोगों ने विश्वास जताकर पैसे दिए, तो महीनों गुजर जाने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। जब सवाल पूछे गए तो प्रधान टालमटोल करने लगा। ग्रामीणों ने कहा कि यह मामला सीधे-सीधे गरीबों की मेहनत की कमाई को ठगने जैसा है। तहसील दिवस पर पहुंचे ग्रामीणों ने प्रशासन से उच्च स्तरीय जांच की मांग की और चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो वे उग्र आंदोलन के लिए मजबूर होंगे। इस दौरान पूरे परिसर में "भ्रष्ट प्रधान मुदार्बाद", "गरीबों का हक दिलाओ" जैसे नारे गूंजते रहे।

जिलाधिकारी जसजीत कौर ने प्रदर्शन के बाद मीडिया से बातचीत में कहा कि ग्राम प्रधान के खिलाफ मिली शिकायतों की जांच कराई जाएगी। यदि आरोप सही पाए गए तो प्रधान के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई होगी।

उन्होंने बताया कि उनके समक्ष अब तक 20 से अधिक शिकायतें प्रस्तुत की गई हैं, जिनमें से 6 से 7 मामलों का मौके पर ही निस्तारण करा दिया गया है। अब देखना यह होगा कि प्रशासन की जांच कितनी प्रभावी होती है और क्या वाकई गरीबों को उनका हक मिलेगा या फिर यह मामला भी फाइलों में दबकर रह जाएगा।

# बालिकाओ / महिलाओं को ड्राइविंग माय ड्रीम्स में प्रशिक्षण आयोजित

**अमरोहा (सब का सपना):-** मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत सहायक संभागीय परिवहन विभाग अमरोहा द्वारा बालिकाओ / महिलाओं को ड्राइविंग माय ड्रीम्स में प्रशिक्षण आयोजित किया गया जिसमे बालिकाओं /महिलायो को प्रशिक्षण देते हुए कहा गया कि हर महिला को ड्राइविंग आनी चाहिए" एक ऐसा विचार है जो महिला सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के लिए महत्वपूर्ण है। इससे महिलाएं सार्वजनिक परिवहन पर अपनी निर्भरता कम कर सकती हैं, काम पर जा सकती हैं, अपने परिवार का समर्थन कर सकती हैं, और जरूरत पड़ने पर कहीं भी जा सकती हैं। हालाँकि, महिलाओं को सुरक्षित और आत्मविश्वास से ड्राइविंग के लिए सही प्रशिक्षण, अभ्यास, और जरूरी है इसके साथ ही सुरक्षा उपायों का पालन करना भी बताया गया।




# संभल में महिलाओं और बालिकाओं के लिए विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**चंदौसी/संभल(सब का सपना):-** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा-निदेर्शों के अनुपालन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, संभल द्वारा बाबूराम सरस्वती इंटर कॉलेज, चंदौसी में मिशन शक्ति विशेष अभियान के तहत महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को बढ़ावा देने के लिए एक विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम जनपद न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष दुर्ग नारायण सिंह के आदेशानुसार और सचिव/मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट



विभांशु सुधीर के निर्देशन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने महिलाओं और बालिकाओं से संबंधित विभिन्न कानूनी प्रावधानों पर विस्तृत जानकारी दी। इसमें एसिड अटैक, घरेलू हिंसा, महिला उत्पीड़न, दहेज प्रताड़ना, कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न, बाल विवाह निषेध, और महिला सुरक्षा व सशक्तीकरण जैसे महत्वपूर्ण विषय शामिल रहे। साथ ही, निःशुल्क विधिक सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर 15100 की जानकारी भी साझा की गई।महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करते हुए, किसी भी समस्या के समाधान के लिए निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल चंद्रपाल सिंह, असिस्टेंट मयंक गोयल, पैनल लॉयर प्रदीप मिश्रा, मध्यस्थ अधिवक्ता नीलम वार्ष्णेय, पीएलवी अतुल कुमार, अध्यापिका शीलत रानी, सोनम ,मौजूद रहे।

# किसानों की समस्याओं का होगा मौके पर समाधान, गन्ना विभाग पूरी तरह सक्रिय:- डी.सी.ओ.

**अमरोहा (सब का सपना):-** जिला गन्ना अधिकारी ने बताया कि जनपद में इस वर्ष गन्ना फसल की स्थिति अच्छी है। गन्ना विकास विभाग किसानों के निरंतर संपर्क में रहकर उनकी समस्याओं का समाधान कर रहा है। जिले की चीनी मिलें भी विकास कार्यों में सक्रिय हैं, जिससे गन्ना फसल स्वस्थ बनी हुई है। सितम्बर माह में सहकारी गन्ना समितियों में गन्ना सर्वेक्षण एवं सट्टा आपत्ति निस्तारण मेले आयोजित किए गए, जिनमें किसानों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान हुआ। कुछ खेतों में रेड रॉट रोग देखा गया है। इसे नियंत्रित करने हेतु चीनी मिलों द्वारा रोगग्रस्त पौधों को खेत से बाहर निकालकर ब्लीचिंग पाउडर डाला जा रहा है। साथ ही वेव शुगर मिल धनौरा द्वारा विशेष ब्लीचिंग बॉल्स तैयार की गयी है जिनको रोगग्रस्त जगह फेंक कर रोग को



नियंत्रित किया जा रहा है यह कदम काफी कारगर साबित हुआ है, साथ कि किसानों को ट्राइकोडर्मा लिक्विड / पाउडर वर्ष की शुरूआत से ही निःशुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है जिससे रोग पर काफी रोक लगी है। उन्होनें बताया कि गन्ना पेराई सत्र 2025-26 शीघ्र शुरू होने वाला है और अनुमान है कि किसान अधिक गन्ना आपूर्ति कर अच्छा लाभ अर्जित करेंगे। हाल ही में बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों में विभाग द्वारा कंट्रोल रूम (मो. 7078577200) स्थापित कर किसानों की समस्याओं का तत्काल निस्तारण किया गया। इसकी सफलता को देखते हुए इसे पेराई सत्र में भी जारी रखा जाएगा। किसानों की समस्याओं के लिए अधिकारियों के सी.यू.जी. नम्बर पर कॉल कर सकते हैं। ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक, अमरोहा-7081202479, चंदनपुर-7081202488, धनौरा-7081202491, गजरौला-7081202493 गन्ना विभाग किसानों के हित एवं गन्ना विकास के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या होने पर विभाग के कंट्रोल रूम अथवा संबंधित जेष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक से तुरंत संपर्क करना चाहिए। इसके अतिरिक्त मैं स्वयं भी किसानों की समस्याओं को सुनने हेतु उपलब्ध हूँ।

मेरा सी.यू.जी. नम्बर 708120220 है, जिस पर किसान सीधे संपर्क कर सकते हैं। किसानों की समस्याओं का समयबद्ध एवं मौके पर समाधान कराना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# गांव-गांव स्वच्छता मिशन की शुरूआत, खजरा खाकम से नई पहल





**बहजोई/संभल(सब का सपना):-** महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर जनपद संभल में गांव-गांव स्वच्छता मिशन का शुभारंभ किया गया। राष्ट्रीय अंत्योदय आदर्श मंच (फ्अअट) के तत्वावधान में शुरू इस अभियान का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता को जन-आंदोलन का रूप देना है।अभियान की शुरूआत विकास खंड बहजोई के ग्राम खजरा खाकम से हुई, जहां कार्यकताओं ने गाँव की गलियों और मोहल्लों में व्यापक सफाई अभियान चलाया। ग्रामीणों को स्वच्छता का महत्व समझाते हुए जागरूकता फैलाई गई। इसके बाद कार्यक्रम ग्राम सादातवारी में पहुंचा, जहां सामूहिक रूप से स्वच्छता शपथ दिलाई गई।कार्यक्रम संयोजक मंजू दिलेर (पूर्व सदस्य, राष्ट्रीय संपर्क कर्मचारी आयोग, भारत सरकार) ने कहा, गांव-गांव स्वच्छता अभियान को जन-आंदोलन बनाया जाएगा। स्वच्छ गांव ही स्वस्थ और सुंदर समाज की नींव हैं। उन्होंने बताया कि इस मिशन के तहत प्रत्येक गांव में सफाई अभियान चलाए जाएंगे और जागरूकता के लिए शपथ व जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।ग्रामीणों ने संकल्प लिया कि वे अपने गांव को स्वच्छ रखेंगे और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे। कार्यक्रम में विपिन राघव, प्रधान दुर्जन सिंह, प्रेम राणा, सुखवीर पाल, चंद्रवीर सिंह, राहुल कुमार, क्रांति कुमार, जग प्रकाश उपाध्याय, राजीव पाल, हर ज्ञान सिंह, मेघ सिंह राणा, बंटी मौर्य, दिवाकर उपाध्याय, अनुपम कठेरिया, टिल्लू भगतजी, राजकुमार सिंह, राजपाल यादव सहित कई लोग उपस्थित रहे। यह अभियान स्वच्छ भारत मिशन को नई गति प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

# पर्यावरण संरक्षण हेतु चन्दौसी पेड़ वाला ट्रस्ट का हुआ शुभारम्भ

**चंदौसी/सम्भल (सब का सपना):-** शुक्रवार को प्रातःकाल में रामबाग धाम परिसर में मुख्य अतिथि पर्यावरणविद डॉ टीएस पाल एवम एड.उमेश सिंह ने विधि विधान से अशोक का पौधा लगाते हुए "चन्दौसी पेड़ वाला ट्रस्ट" का शुभारम्भ किया। मुख्य अतिथि डॉ टीएस पाल ने कहा पौधरोपण के अनेको लाभ होते है जैसे पेड़ हवा से कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करते हैं और ऑक्सीजन छोड़ते हैं जिससे हवा शुद्ध होती है और वायुमंडलीय संतुलन बना रहता है। पेड़ वाष्पोत्सर्जन से वातावरण को




ठंडा रखते हैं और छाया प्रदान करते हैं, जिससे शहरी क्षेत्रों का तापमान कम होता है। पेड़ों की जड़ें मिट्टी को बांधे रखती हैं, जिससे मृदा अपरदन रुकता है और मिट्टी की उर्वरता बनी रहती है। पेड़ वर्षा को बढ़ावा देते हैं और वर्षा जल को सोखते हैं, जिससे भूजल स्तर बना रहता है और बाढ़ का खतरा कम होता है। हमें अपने यादगार पलों से जोड़कर पौधों की देखभाल करें। अपने पूर्वजों की स्मृति में और अपने जन्मदिवस पर पौधे लगाने का संकल्प लें। तथा मांगलिक कार्यक्रम पर अथितियों को उपहार के रूप में पौधे भेंट करने की परंपरा डालें। चन्दौसी पेड़ वाला ट्रस्ट के संस्थापक शिवम अग्रवाल ने कहा हमारा लक्ष्य नगर एवम आसपास के क्षेत्र को हरा भरा करने का है तथा हर घर तुलसी का पौधा पहुंचाने का प्रयास ट्रस्ट की टीम का रहेगा।सभी का आभार व्यक्त करते हुए आगे सहयोग आशा व्यक्त की।

इस दौरान अरविंद कुमार, मनोज वार्ष्णेय, अनमोल अग्रवाल, कुणाल, अभिनव,साक्षी, प्राची, पायल, कुसुम, लक्ष्य, कशिश, अनुराधा, लकी, मुदित, अक्षित, निशांत, आराध्या, आरव आदि उपस्थित रहे।

# भगवानपुर वाली देवी मंदिर विवाद में धरना समाप्त, गुलाब देवी ने दिलाया न्याय का भरोसा

## न्यायपालिका का जो भी निर्णय होगा मान्य किया जाएगा...गुलाब देवी




**बहजोई/संभल ( सब का सपना):-** जनपद के थाना बहजोई क्षेत्र में भगवानपुर वाली देवी मंदिर विवाद को लेकर पिछले 100 दिनों से चल रहा धरना शुक्रवार को समाप्त हो गया। उत्तर प्रदेश की राज्य शिक्षा मंत्री गुलाब देवी ने धरने पर बैठे लोगों से मुलाकात की और उन्हें आश्वासन दिया कि न्यायपालिका का जो भी आदेश होगा, वह सर्वमान्य होगा। मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा जारी बंधन योजना के तहत धनराशि को सौंदर्यकरण निर्माण हेतु नगर पालिका द्वारा निकाले गए टेंडर के मुताबिक उक्त स्थान पर निर्माण कार्य पर फिलहाल रोक रहेगी। साथ ही, उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जिस कार्य के लिए और जिस स्थान के लिए धन आवंटित हुआ है, वह उसी स्थान पर खर्च किया जाएगा। गुलाब देवी ने कहा, जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक हमारे साथ हैं। धरना देने वाले सभी लोग भी हमारे साथ हैं। यह मामला न्यायालय में विचाराधीन है, और न्यायपालिका का जो भी निर्णय होगा, उसे माना जाएगा।उन्होंने आगे कहा कि मंदिर और मेला मैदान से संबंधित सभी मुद्दों का सम्मान किया जाएगा। गुलाब देवी ने जोर देकर कहा कि जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक की मौजूदगी में यह वार्ता हुई है, जिसमें यह सुनिश्चित किया गया कि कोई अन्याय नहीं होगा। मंत्री के आश्वासन के बाद धरने पर बैठे लोगों ने अपनी हड़ताल समाप्त करने का फैसला किया। इस वार्ता में जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक की मौजूदगी ने लोगों का भरोसा बढ़ाया, जिसके बाद यह लंबे समय से चला आ रहा धरना शांतिपूर्ण ढंग से समाप्त हुआ। धरना स्थल पर कन्हैयालाल, संजीव कुमार ,राजेश बादशाह,मनोज बजाज, हिमांशु ,विजय ,राकेश, कमल कुमार कमल, अवनीश कुमार,मुकेश कुमार आदि मौजूद थे

# जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने किया सत्यव्रत पुलिस चौकी कंट्रोल रूम का औचक निरीक्षण, कल्की महोत्सव की तैयारियों का लिया जायजा






**बहजोई/संभल(सब का सपना):-** जिलाधिकारी संभल डॉ. राजेंद्र पेंसिया और पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई ने शुक्रवार को थाना संभल के अंतर्गत सत्यव्रत पुलिस चौकी पर स्थापित कंट्रोल रूम का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कंट्रोल रूम के कार्यों का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के समय सहायक पुलिस अधीक्षक क्षेत्राधिकारी संभल आलोक कुमार, उपजिलाधिकारी संभल सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। इसके अतिरिक्त, जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने थाना बहजोई क्षेत्र के बड़े मैदान में आयोजित होने वाले आगामी कल्की महोत्सव की तैयारियों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने आयोजन स्थल का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को तैयारियों को समयबद्ध और सुचारू रूप से पूरा करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने आयोजन की सुरक्षा व्यवस्था और अन्य तैयारियों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए, ताकि महोत्सव सुव्यवस्थित और सुरक्षित ढंग से संपन्न हो सके।

# जनपद में 13 से 17 अक्टूबर तक आयोजित होगा अमरोहा ट्रेड फेयर

## हस्तशिल्पियों, कारीगरों और उद्यमियों द्वारा स्थानीय स्तर पर बनाए जा रहे उत्पादों को मिलेगा बढ़ावा

**अमरोहा (सब का सपना):-** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा इंडिया एक्सपोजिशन मार्ट लिमिटेड, ग्रेटर नोएडा में आयोजित यू०पी० इंटरनेशनल ट्रेड शो-2025 की भांति प्रत्येक जनपद में यू०पी० इंटरनेशनल ट्रेड शो-2025 स्वदेशी मेला आयोजित किए जाने के निर्देश प्रदान किए गए है। जिससे कि हस्तशिल्पिय, कारीगरों और उद्यमियों द्वारा स्थानीय स्तर पर उत्पादित किए जा रहे उत्पादों को विपणन एवं दीपावली महापर्व के अवसर पर आम जनमानस को स्वदेशी वस्तुओं की खरीदारी का अवसर प्राप्त हो सके। शुक्रवार को जिलाधिकारी




निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में आयोजित बैठक में जनपद में 13 से 17 अक्टूबर तक लगने वाले भव्य अमरोहा ट्रेड फेयर की रूप रेखा निर्धारित की गई। इस ट्रेड फेयर में पूजा सामग्री, फर्नीचर, इलेक्ट्रानिक्स उत्पाद, गिफ्टस आइटम, मिठाई, कपड़े, कम्बल, दरी, चादरे, मिलेटस उत्पाद, आदि के स्टॉल लागाए जायेंगे। आगामी दिवाली एवं धनतेरस त्योहार के दृष्टिगत प्रयोग में आने वाले प्रत्येक वस्तुओं के स्टॉल लगाने के निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी द्वारा इस हेतु सभी सम्बन्धित विभाग से अपने-अपने स्टॉलों की सूची एवं सुस्पष्ठ रूप रेखा उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया kसभी सम्बन्धित विभागों को उच्च गुणवत्ता के स्टॉल प्रचुर मात्रा में सामान के साथ लागाने हेतु निर्देशित किया गया। उपायुक्त उद्योग को लोक निर्माण विभाग एवं जिला पंचायत से समन्वय कर स्टॉल की रूप रेखा बानाने को निर्देशित किया गया, जिसमें दुकाने, खाने के स्टॉल, बच्चों के मनोरंजन, पार्किंग, आदि हो। प्रत्येक दिन संध्या के समय सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसे मुशायरा, कवि सम्मेलन,

नुक्कड़ नाटक, आदि हेतु बेसिक शिक्षा विभाग एवं जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया गया। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की दीदीयों द्वारा तथा कृषि विभाग के कृषकों द्वारा उन्नत उत्पादों के स्टॉल लागायें जायेंगे। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र, जिला विकास अधिकारी सरिता द्विवेदी, पीडी डीआरडीए अम्बरीष कुमार, उपायुक्त उद्योग शैलेन्द्र सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# संचारी रोग नियंत्रण और दस्तक अभियान के लिए द्वितीय अन्तर्विभागीय बैठक आयोजित

**बहजोई/सम्भल(सब का सपना):-** 5 अक्टूबर से शुरू होने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान और 11 अक्टूबर से शुरू होने वाले दस्तक अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए आज जिला विकास भवन में मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट की अध्यक्षता में द्वितीय अन्तर्विभागीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया के निर्देशों के तहत स्वास्थ्य विभाग के साथ-साथ शिक्षा, पंचायतीराज, नगर विकास, बाल विकास पुष्टाहार, सूचना, उद्यान, कृषि विभाग के अधिकारियों और यूनिसेफ के प्रतिनिधि डॉ. प्रवीन कुमार ने भाग



लिया। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी विभागों को निर्देश दिए कि वे माइक्रोप्लान के अनुसार अभियान में कार्य करें। उन्होंने विशेष रूप से नगर विकास और पंचायतीराज विभाग को मलेरिया विभाग द्वारा दी गई संवेदनशील ग्रामों और वार्डों की सूची पर तत्काल कार्रवाई करने के लिए कहा। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. पंकज विश्नोई ने सभी विभागों से अनुरोध किया कि फॉगिंग, एंटी-लार्वा छिड़काव, नालियों की सफाई और जलभराव वाले स्थानों को चिह्नित कर उन्हें भरवाने का कार्य सुनिश्चित करें। साथ ही, इन गतिविधियों से पहले माइकिंग के माध्यम से लोगों को जागरूक करने पर जोर दिया। जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ. मनोज कुमार ने चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए कि आशा कार्यकताओं द्वारा ई-कवच पोर्टल पर दर्ज की जा रही प्रविष्टियों की दैनिक निगरानी यू.डी.एस.पी. पोर्टल पर करें। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि अभियान के दौरान बुखार, आई.एल.आई., टी.बी. जैसे रोगियों की मलेरिया और टी.बी. की जांच अनिवार्य रूप से की जाए। यूनिसेफ प्रतिनिधि डॉ. प्रवीन कुमार ने ब्लॉक स्तर पर आयोजित बैठकों और प्रशिक्षण की प्रगति की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ग्राम प्रधानों, शिक्षकों,

सफाई कर्मचारियों और आशा कार्यकताओं का प्रशिक्षण कितने प्रतिशत पूरा हुआ है। डॉ. पंकज विश्नोई ने सभी विभागों को अभियान से संबंधित प्रशिक्षण समय पर पूरा करने के निर्देश दिए।

बैठक का समापन सभी के प्रति आभार व्यक्त कर किया गया।

# युवक ने महिला का फोटो को एडिट कर किया था वायरल, पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बहजोई/सम्भल (सब का सपना):-** कानून व्यवस्था को मजबूत करने और अपराधियों पर नकेल कसने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना बहजोई पुलिस ने साइबर अपराध के एक मामले में त्वरित कार्रवाई की है। एक महिला का फोटो एडिट कर उसे इंस्टाग्राम पर वायरल करने के आरोप में एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, थाना बहजोई में वादी की शिकायत पर मुकदमा दर्ज किया गया, जिसमें आरोप लगाया गया कि अभियुक्त ने वादी की पुत्री का फोटो एडिट कर उसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर वायरल कर दिया। इस मामले में थाना बहजोई पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अभियुक्त अरविंद जोशी, पुत्र दिनेश,




निवासी अनाज मंडी के पीछे, नई कॉलोनी, बहजोई, जनपद सम्भल को मोहल्ला नरायन टोला से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार ने बताया कि जनपद में साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने और महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस लगातार प्रयासरत है।

उन्होंने आमजन से अपील की कि सोशल मीडिया का उपयोग जिम्मेदारी से करें और किसी भी तरह के साइबर अपराध की सूचना तत्काल पुलिस को दें। यह कार्रवाई सम्भल पुलिस की सक्रियता और अपराध नियंत्रण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दशार्ती है।

# नारी शक्ति की रचनात्मक शक्तियों को बढ़ावा देने के लिए एक दिन की प्रधानाचार्या बनी छात्रा



**अमरोहा (सब का सपना):-** जिले के जय शिव कन्या इंटर कॉलेज बुडेरना में कक्षा 12 की होनहार छात्रा मोनी सिंह ने एक दिन की प्रधानाचार्या के रूप में मिशन नारी शक्ति 5.0 के तहत विद्यालय का भली भांति संचालन एवं कार्यभार प्रातः प्रार्थना सभा से ही संभाला विद्यालय की प्रबंधिका चारू शर्मा संरक्षक अरविंद शर्मा कोषाध्यक्ष पवन शर्मा व प्रधानाचार्य पूनम चाहल की ओर से यह नवाचार किया गया जिससे विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता का विकास हो और विद्यालय के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित हो। मोनी सिंह एक दिन की प्रधानाचार्या ने विद्यालय की सभी दैनिक गतिविधियों पठन-पाठन एवं कक्षा प्रबंधन जैसे प्रकरण को भली भांति संचालित किया। इस पहल के लिए छात्रा मोनी सिंह को प्रबंधक महोदया, संरक्षक, कोषाध्यक्ष,प्रधानाचार्या एवं समस्त स्टाफ की ओर से पूर्ण सहयोग एवं प्रेरणा मिली।

# मिशन शक्ति के तहत धौलाना पुलिस की अनूठी पहल, दिव्यांग दंपति की बेटी को दिलाई पढ़ाई की राह

**हापुड़ (सब का सपना):-** मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत हापुड़ पुलिस ने संवेदनशीलता और मानवीय पहल का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया है। थाना धौलाना प्रभारी नीरज कुमार, के नेतृत्व में महिला उपनिरीक्षक एवं मिशन शक्ति प्रभारी रक्षा सिंह अपनी टीम के साथ बाल्मीकी बस्ती पहुंचीं। यहां उन्हें पता चला कि एक परिवार, जिसमें माता-पिता दोनों ही दिव्यांग हैं, अपनी 07वीं कक्षा में पढ़ने वाली बेटी की पढ़ाई और घर का खर्च उठाने में कठिनाई झेल रहा है।थाना प्रभारी नीरज कुमार, ने तुरंत निर्णय लेते हुए बालिका को अपनी टीम के साथ विद्यालय ले जाकर स्कूल प्रबंधन से बातचीत की। उन्होंने छात्रा की शिक्षा में आ रही बाधाओं को दूर कर सभी समस्याओं का समाधान कराया। साथ ही छात्रा को आश्वासन दिया कि पुलिस परिवार उसके साथ खड़ा है



और उसकी पढ़ाई किसी भी हाल में रुकने नहीं दी जाएगी।पुलिस टीम ने न केवल शिक्षा से जुड़ी समस्या का समाधान किया, बल्कि मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए दिव्यांग दंपति के परिवार को राशन सामग्री भी उपलब्ध करवाई। इस पहल से परिवार के चेहरे पर मुस्कान लौट आई। थाना प्रभारी नीरज कुमार, ने कहा कि मिशन शक्ति अभियान का मकसद केवल महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षित माहौल देना ही नहीं, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनाने और शिक्षा से जोड़ना भी है। उन्होंने साफ कहा कि "धौलाना पुलिस हर उस परिवार के साथ खड़ी है, जिसे समाज और प्रशासन की मदद की जरूरत है।" स्थानीय लोगों ने धौलाना पुलिस की इस पहल की जमकर प्रशंसा की। लोगों ने कहा कि थाना प्रभारी नीरज कुमार ने न सिर्फ कानून-व्यवस्था संभालने में सख्ती दिखाई है

बल्कि समाज के प्रति संवेदनशील पुलिस का उदाहरण भी पेश किया है। इस अनूठी पहल ने साबित कर दिया कि मिशन शक्ति अभियान सिर्फ एक सरकारी योजना नहीं, बल्कि बेटियों और परिवारों के लिए उम्मीद की किरण है।

# मां दुर्गा की शोभायात्रा ने मोहा सबका मन, श्रद्धालुओं की लगी लंबी कतारें



**संवाददाता**

**कोन/ सोनभद्र।** नव सृजित विकास खण्ड कोन अंतर्गत ग्राम पंचायत कचनरवा में श्री दुर्गा पूजा समिति बड़ाप द्वारा आयोजित मां दुर्गा की शोभायात्रा ने नवरात्रि तक पूरे कस्बे का माहौल भक्तिमय बना दिया। श्रद्धालुओं ने बताया कि इससे पहले इतनी भव्य शोभायात्रा बड़ाप ( कचनरवा) में कभी नहीं देखी गई थी। झारखंड बॉर्डर पर स्थित दुर्गम पहाड़ियों के बीच बड़ाप पंडाल से शुरू हुई माँ दुर्गा की जयकारों के साथ शोभायात्रा लोहराखोली , बरवाहीखोली, हड़वरिया होते हुए लक्ष्मीनिया दक्षिणी त्रिमुहानी पर संपन्न हुई। इस यात्रा में सैकड़ों महिला व पुरुष श्रद्धालुओं ने भाग लिया। भव्य सजे-धजे वाहनों पर मां दुर्गा की प्रतिमा जब निकली तो लोगों का ध्यान बरबस खींच लिया। रिमझिम बरसात में सड़क किनारे श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्थानीय लोगों की भूमिका सराहनीय रही। समिति अध्यक्ष बिहारी प्रसाद यादव ने बताया कि पदाधिकारियों और सदस्यों ने सीमित संसाधनों में शानदार शोभायात्रा का आयोजन कर क्षेत्रवासियों का दिल जीत लिया। इसी तरह कोन क्षेत्र में अन्य स्थानों पर भी माँ दुर्गा की शोभा यात्रा निकाल कर नदी / बांध में विसर्जन किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से पूर्व प्रधान उदय यादव, कैलास राम भारती, रघुवर प्रसाद, रामचंद्र सिंह, बैकुंठ सिंह, संजय सहित सैकड़ो श्रद्धालु शामिल रहे।

# समाधान दिवस में अनुपस्थित अधिकारियों पर कार्रवाई के निर्देश






**अमरोहा (सब का सपना):-** जिले की अमरोहा सदर तहसील का विकासखंड अमरोहा कार्यालय सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान कई अधिकारियों और पुलिस प्रशासन के कर्मचारियों की अनुपस्थिति ने प्रशासनिक लापरवाही को उजागर कर दिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य जनता की समस्याओं को सुनना और उनका त्वरित निस्तारण करना था, लेकिन अनुपस्थित व्यक्तियों ने शासन के निर्देशों की खुलेआम अवहेलना की।अमरोहा सदर तहसील के उप जिलाधिकारी शैलेश कुमार दुबे ने निरीक्षण के दौरान स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने पाया कि निर्धारित समय पर पहुंचने के बजाय कई विभागीय अधिकारी और कर्मचारी अनुपस्थित थे, जिससे फरियादियों को असुविधा हुई। दुबे ने तत्काल कार्रवाई करते हुए अनुपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध विभागीय पत्र लिखा, जिसमें स्पष्टीकरण मांगा गया है। उन्होंने संबंधित विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए कि ऐसी लापरवाही पर कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। शासन की प्राथमिकता स्पष्ट है कि समाधान दिवस आधिकारिक समय से शुरू हो और सभी अधिकारी जन समस्याओं–जैसे राजस्व, पुलिस, विकास संबंधी शिकायतों–का निस्तारण करें। लेकिन अनुपस्थिति ने इस प्रक्रिया को प्रभावित किया। उप जिलाधिकारी ने कहा, "शासन के आदेशों का पालन अनिवार्य है। अनुपस्थित रहना मनमानी है, जिसके लिए जिम्मेदारों को दंडित किया जाएगा।

# बार कौंसिल के चुने हुए सदस्यों को दुबारा चुनाव लड़ने पर लगे रोकराकेश शरण मिश्र



**संवाददाता**

**सोनभद्र।** अधिवक्ता अधिनियम 1961 में संशोधन करते हुए बार कौंसिल से संबद्ध बार संघों पर जो नियम लागू होता है वहीं नियम बार कौंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के चुनाव प्रक्रिया पर भी लागू होना चाहिए। जिस प्रकार जिला या तहसील के बार संघों में बार कौंसिल द्वारा जारी किया गए मार्डन बाई लाज के अनुसार चुनाव प्रक्रिया की जाती है और एक बार अध्यक्ष बनने के बाद कम से कम एक कार्यकाल का विराम दिया जाता है वही प्रक्रिया बार कौंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के चुनाव में भी अपनानी चाहिए और चुने हुए सदस्यों को एक कार्यकाल का विराम देते हुए लगातार दुबारा चुनाव लड़ने पर रोक लगानी चाहिए। उक्त बाते प्रेस को जारी प्रेस विज्ञाप्ति में संयुक्त अधिवक्ता महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष एवं बार कौंसिल प्रत्याशी राकेश शरण मिश्र ने कही है। श्री मिश्र ने जारी प्रेस विज्ञाप्ति में कहा है कि ये बड़ी अजीब बात है कि बार कौंसिल द्वारा जारी मार्डन बाई लाज खुद बार कौंसिल पर बाध्यकारी नहीं है। जब जिले या तहसील के बार संघों के अध्यक्ष पद के लिए कम से कम 25 वर्ष की वकालत अनिवार्य है तो फिर बार कौंसिल के जो 25 सदस्य पूरे प्रदेश से चुने जाते है उनके ऊपर यह नियम लागू क्यों नहीं होता। उन्होंने कहा है कि पूरे प्रदेश के अधिवक्ताओं का प्रतिनिधित्व करने वाले बार कौंसिल के सदस्य पद हेतु भी कम से कम 25 वर्ष की वकालत बाध्यकारी होनी चाहिए। बार कौंसिल के चुने हुए सदस्य प्रदेश के लाखों अधिवक्ताओं का प्रतिनिधित्व करने के लिए बार कौंसिल में जाते है तो उनके लिए 25 वर्ष की वकालत का नियम लागू क्यों नहीं किया गया। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा है कि एक बार के कार्यकाल के बाद लगातार दूसरे बार चुनाव लड़ने पर रोक लगनी चाहिए तभी बार कौंसिल के चुनाव की पारदर्शिता कायम रह पाएगी और चुनाव में जो लाखों रुपया पानी की तरह बहाया जाता है उस पर भी रोक लगेगी। साथ ही बार कौंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश को हर बार 25 नए सदस्य मिलेंगे जो बार कौंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश सहित प्रदेश के अधिवक्ताओं के हित में कार्य कर सकेंगे।

# महिला की हत्या, बेटे पर शक




लखनऊ। में घर में लूटपाट के बाद एक महिला की हत्या कर दी गई। घर का सामान बिखरा पड़ा था। दीवारों और गैस सिलेंडर पर खून लगा हुआ था। पुलिस का कहना है कि सिर पर भारी चीज से वार करके महिला की हत्या की गई है। महिला 2 दिन पहले मायके गई थी। आज मझले बेटे के साथ घर लौटी थी। वारदात के बाद से उसका मझला बेटा घर से लापता है। महिला के घर के पास का एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। जिसमें महिला का मझला बेटा निखिल बाइक से जाता दिख रहा है।

# जनपद में 01 जुलाई से 30 सितम्बर 2025 तक चला राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान







**अमरोहा (सब का सपना):-** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नालसा, नई दिल्ली तथा मीडियेशन एवं कंसीलियेशन प्रोजेक्ट कमेटी, सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निदेर्शानुसार जनपद में दिनांक 01 जुलाई 2025 से 30 सितम्बर 2025 तक राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान चलाया गया। जिसमे पिछले तीन माह में कुल 112 मामलो/वादो को सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित कराया गया। इस अभियान के अन्तर्गत वैवाहिक विवाद, दुर्घटना दावें, घरेलू हिंसा, चैक वांउस के वाद, वाणिज्यिक विवाद, सेवा विवाद, शमनीय आपराधिक वाद, ऋण वसूली के वाद, संपत्ति के बटवारे से संबंधित वाद, बेदखली से संबंधित वाद, भूमि अधिग्रहण के वाद, दिवानी वाद, उपभोक्ता से संबंधित वाद समझौते के आधार पर निस्तारित कराये गये।

सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ज्योति चौधरी द्वारा मध्यस्थता अभियान के समापन पर मध्यस्थता अधिवक्तागण को प्रस्तित पत्र वितरित किये गये। इस दौरान मध्यस्थ अधिवक्ता अवनीश शरण बसंल, जय प्रकाश यादव, मतलुब सुहानी, मुख्तार अहमद नक्वी, उवैद खां, आसिफा आलमी, शबनम परवीन को प्रस्तित पत्र देकर सचिव जिला



विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा सम्मानित किया गया। इस अभियान के अन्तर्गत कुल 112 मामले निस्तारित किये गये जिसमे 85 मामले वैवाहिक वाद, 4 मामले घरेलू हिसां के 9 मामले चैक बाउन्स के व 8 सिविल मामले सुलह समझौते के आधार पर मध्यस्थता अभियान के अन्तर्गत निस्तारित कराये गये। इस अभियान का उददेश्य मध्यस्थता के माध्यम से न्यायालयो मे लम्बित प्रकरणो को निस्तारित कराने का था।

# सर..प्रिंसिपल मैडम हमें गालियां देती हैं'



**लखनऊ।** डीएम के पास कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की कई बच्चियां शिकायत लेकर पहुंच गईं। उन्होंने बताया कि विद्यालय में रात में कई आदमी आते हैं। उधर देखने पर प्रिंसिपल हम बच्चियों को गालियां देती हैं। धमकी देती हैं कि ये बात किसी को बताना नहीं। अगर बताया तो मारकर फेंक देंगे। कोई पता भी नहीं पाएगा। जिलाधिकारी विशाख जी. के सामने बच्चियों ने मोहनलालगंज तहसील में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस पर शिकायत की। स्कूल की बच्चियों ने डीएम को लिखित शिकायत में बताया- विद्यालय की प्रिंसिपल और वार्डन उनसे झाड़ू-पोंछा लगवाती हैं। साथ ही बाथरूम साफ करवाती हैं। रात में 5-6 गाड़ियों से विद्यालय में आदमी आते हैं। किसी बच्ची ने अगर उधर देख लिया तो उसकी बेरहमी से पिटाई कर मैडम गाली देती हैं। छात्रों का कहना था कि उन्हें सही से भोजन भी नहीं मिलता है। बच्चियों ने कहा है कि अब वह स्कूल नहीं जाएंगी। अभिभावकों ने यह भी बताया है कि प्रिंसिपल उनकी बच्चियों को जातिसूचक गालियां देती हैं। कहती हैं कि नीची जाति को हो नीची ही रहोगी।

# तहसील नौगांवा सादात में आयोजित हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस






**अमरोहा (सब का सपना):-** जनसमस्याओं के त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण की प्राथमिकता के साथ तहसील नौगांवा सादात में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिला मजिस्ट्रेट निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता और पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद की उपस्थिति में किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 16 जनशिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें 02 शिकायतें राजस्व विभाग, 02 पुलिस विभाग, 02 विद्युत विभाग, 03 विकास विभाग, 03 चकबंदी विभाग, 01 बैंक और 03 नगर पंचायत नौगांवा सादात से संबंधित थीं। इनमें से 03 मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि कुछ मामलों में पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर भेजा गया।

निधि गुप्ता वत्स ने पूर्व तहसील दिवस में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण और फीडबैक की समीक्षा की और विद्युत विभाग के गुणवत्तापरक निस्तारण की सराहना करते हुए अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत को शिकायतों का बेहतर निस्तारण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन गांवों में शिकायतें अधिक हैं या शिकायतों की पुनरावृत्ति हो रही है, वहां स्वयं मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जनता दर्शन, आईजीआरएस पोर्टल, तहसील दिवस एवं अन्य दिवसों में प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के साथ त्वरित निस्तारण करें। डीएम निधि गुप्ता वत्स ने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनता की समस्याओं का समाधान ही प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें कोई लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने समस्त अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन की मंशा के अनुरूप जो समय सीमा समस्याओं के निस्तारण की दी गई है, उसी के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराएं। उन्होंने यह भी कहा कि निस्तारण के साथ-साथ लाभार्थी को संतुष्टी भी मिलनी चाहिए। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने कहा कि पुलिस अधिकारी आमजन की पुलिस संबंधी शिकायतों का उचित, गुणवत्तापूर्ण एवं शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित कराएं। संपूर्ण समाधान दिवस में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 सत्यपाल सिंह, पीडी डीआरडीए अम्बरीष कुमार, उप जिलाधिकारी सुनीता सिंह, जिला विकास अधिकारी सरिता द्विवेदी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ0 आभा दत्त सहित जिला एवं तहसील स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## पुलिस पर फायरिंग करने वाला लुटेरा गिरफ्तार, एक पुलिसकर्मी घायल



**बहजोई/सम्भल(सब का सपना):-** थाना बहजोई पुलिस ने रात 8 बजे करीमपुर की पुलिया के पास चेकिंग के दौरान एक मुठभेड़ में कुख्यात लुटेरे तसब्बूर पुत्र जाफर, निवासी चौधरी सराय, थाना सम्भल, जनपद सम्भल को गिरफ्तार किया। मुठभेड़ में पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से एक 315 बोर तमंचा, दो जिंदा कारतूस, एक खोखा कारतूस, एक मोटरसाइकिल और लूटा गया एक कुंडल (पीली धातु) बरामद किया। पुलिस के अनुसार, तसब्बूर ने चेकिंग के दौरान पुलिस पार्टी पर फायरिंग की, जिसके जवाब में आत्मरक्षा में पुलिस ने भी गोली चलाई। इस मुठभेड़ में तसब्बूर घायल हो गया, वहीं पुलिस टीम के मुख्य आरक्षी हरीश कुमार भी घायल हुए। दोनों को प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। पूछताछ में तसब्बूर ने कबूल किया कि उसने 1 अक्टूबर को एक महिला से खेत में काम करते समय उसके कानों के कुंडल लूटे थे, जिसके संबंध में थाना बहजोई में पहले से ही मुकदमा दर्ज है। मुठभेड़ के दौरान तसब्बूर के अन्य साथी मौके से फरार हो गए, जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार कॉम्बिंग ऑपरेशन चला रही है। थाना बहजोई में अभियुक्त की गिरफ्तारी और बरामदगी के आधार पर मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने बताया कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था की स्थिति नियंत्रण में है और कोई समस्या नहीं है।

## ए.आर.टी.ओ प्रवर्तन ने अनाधिकृत यात्री वाहनों के विरुद्ध की कार्यवाही




**अमरोहा(सब का सपना):-** जिले में परिवहन विभाग द्वारा में अनाधिकृत यात्री वाहनों के विरुद्ध विशेष अभियान जारी रखा।इस अभियान में परिवहन विभाग की ओर से महेश शर्मा ए आर टी ओ प्रवर्तन और सुधीर सिंह पी टी ओ , और रोडवेज विभाग की ओर से के सी गौड़ ए आर एम के साथ संयुक्त रूप से प्रवर्तन की कार्रवाई की जारी रही। आज यह अभियान जनपद के हाईवे पर अमरोहा से मुरादाबाद बॉर्डर पर फोकस करके चलाया गया। इसके अतिरिक्त आज सडक सुरक्षा के अभियोगों में भी अभियानात्मक प्रवर्तन की बड़ी कार्रवाई की गई।आज के इस विशेष अभियान में कुल 09 यात्री वाहनों के विरुद्ध अनाधिकृत संचालन में कार्रवाई की गई जिसमें से 05 वाहनों को सीज किया गया और 4 वाहनों के विरुद्ध चालान की कार्रवाई की गई।इसके अतिरिक्त 70 सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन ना करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध चालान की कार्रवाई की गई। सड़क सुरक्षा नियमों जैसे हैल्मेट ना पहनना, वाहन चलाते समय मोबाइल के प्रयोग में, सड़क पर विपरीत दिशा में वाहन चलाने इत्यादि के अभियोग शामिल रहे। आज कुछ वाहनों के स्वामी ए आर टी ओ प्रवर्तन से सिफारिश करवाने लगे लेकिन ऐसे वाहन स्वामियों को कोई लाभ नहीं मिला। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## अंतर सदनीय हिंदी भाषण प्रतियोगिता में अगम्य सदन ने मारी बाजी




**अमरोहा (सब का सपना):-** अग्रणी शिक्षण संस्थान द आर्यंस, जोया में आज दिनांक 4 अक्टूबर 2025 को अंतर सदनीय हिंदी भाषण प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। जिसमें अतुल्य अग्रिम,अपराजित तथा अगम्य सदन के विद्यार्थियों ने हमारी सांस्कृतिक विरासत तथा भारत की विकास यात्रा जैसे विषयों पर बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य आदेश सिंह के उद्बोधन से हुआ। प्रतियोगिता में अगम्य सदन की ओर से अक्षी कक्षा 11, मानवी कक्षा 10 अक्षी सिंह कक्षा 12 एवं निष्ठा कक्षा 8 के छात्र-छात्राओं ने अद्भुत और उत्साहपूर्ण ढंग से अपने विचार व्यक्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया, अपराजित सदन से भव्य, ओजस्वी, अक्षा एवं हिफजा द्वितीय तथा अतुल्य सदन से रिनी चौधरी, आराध्या सिंह, अवनी और तनिष्क तृतीय स्थान पर रहे। निष्पक्ष निर्णायक समिति में विभागाध्यक्ष विनीत कुमार शर्मा और गतिविधि प्रभारी जागृति कौशिक का सराहनीय योगदान रहा। कक्षा 10 से दक्षिका एवं वृष्टि चौधरी की मंच संचालन में अहम भूमिका रही। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य आदेश सिंह ने बताया कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं को कराने का उद्देश्य बच्चों में सार्वजनिक भाषण की खोज करना और उसे प्रोत्साहित करना तथा उन्हें अपना कौशल दिखाने के लिए एक मंच प्रदान करना है, इतना ही नहीं, ऐसी प्रतियोगिताएं न केवल विद्यार्थियों के आत्मविश्वास को बढ़ाने में मदद करती हैं, बल्कि भविष्य में विभिन्न प्रकार के अवसरों के द्वार भी खोलती हैं। इस मौके पर प्रबंधक चौधरी हरपाल सिंह, अनिल कुमार सिंह व निदेशक अमन लिट्ट एवं गौरव चौधरी ने संयुक्त रूप से सभी प्रतिभागी छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर विद्यालय के अजीत सिंह, ममता, जागृति कौशिक, शुभम शर्मा, विनीत कुमार शर्मा, सुमित चौधरी, प्रेरिता, रिया, अनिल कुमार, फुरकान सैफी, सचिन शर्मा, सोनू, चांदनी बत्रा, प्रगति टंडन, सुचित्रा, कुमुद, सोनू, शिवानी सरोहा, रुकैया, ममता, कल्पना, अजीत सिंह, रुचि सिंह, सचिन कुमार यादव, शिवम कुमार, रोहित कुमार, खुशबू चौधरी, प्रियंका देवी, प्रतीक कुमार, रमनबाला, शीतल यादव, शैलजा चौधरी, आकाश शर्मा, रूपाली शर्मा, विपिन कुमार, मोनिका, पूजा, धीरज महलवार, अदिति, अनुज, सिखा आनंद, सुमित कुमार, नाहिद नकवी, रचना, अभिषेक सुमन, रमनबाला, शैलजा चौधरी, आकाश शर्मा, रूपाली शर्मा, विपिन कुमार, मोनिका, अदिति, सुमित कुमार, अश्विनी, शिवानी गुप्ता, नीतू राज, शालिनी वर्मा, स्वाति चौधरी, रचना, हुमा बेबी आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

## चामुंडा मंदिर पर किया गया हवन पूजन



**हसनपुर/अमरोहा (सब का सपना):-** क्षेत्र वासियों की आधिव्याधियों से मुक्ति को लेकर ग्राम भदौरा में चामुंडा मंदिर पर हवन किया गया। तहसील क्षेत्र के ग्राम भदौरा में चामुंडा मंदिर पर श्रद्धालुओं द्वारा हवन व उसके उपरांत प्रसाद व भंडारे का आयोजन किया गया। हवन द्वारा अभिमंत्रित जल से गांव की सीमाओं पर धार लगाई गई। इस अवसर पर सुंदर पाल सिंह,चंद्रशेखर शर्मा, मुकेश सिंह, जयवीर सिंह, जयवीर सैनी, कोमल सिंह, विवेक सिंह, पीतम सिंह, राहुल सिंह, चंदन सैनी अनिल कुमार, विनोद कश्यप, आशु प्रजापति आदि मौजूद रहे।

## बिजनौर से पंजाब के बाढ़ पीड़ितों के लिए ढाई करोड़ की राहत सामग्री रवाना

### जिलाधिकारी जसजीत कौर ने राहत वाहनों को दिखाई हरी झंडी




**बिजनौर (सब का सपना)** शो सिंहः- जनपद से पंजाब के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की सहायता हेतु बिजनौर जिले से एक बड़ा राहत अभियान चलाया गया। शनिवार को जिलाधिकारी जसजीत कौर ने कलेक्ट्रेट परिसर एवं नुमाइश ग्राउंड चौराहे से लगभग ढाई करोड़ रुपए की नकद सहायता राशि और आवश्यक राहत सामग्री से भरे वाहनों को रवाना किया। यह राहत सामग्री अफजलगढ़ क्षेत्र के स्वयंसेवकों व सामाजिक संगठनों के सहयोग से जुटाई गई है, जिसमें दवाइयां, खाद्य सामग्री, कपड़े आदि शामिल हैं। इस अवसर पर जिलाधिकारी कौर ने कहा, "प्राकृतिक आपदाएं हमारे नियंत्रण से बाहर होती हैं, लेकिन हमारा सहयोग और साथ हमेशा पीड़ितों के साथ है। इस कठिन समय में हम सभी को मिलकर मानवता के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना चाहिए।" उन्होंने इस कार्य को मानवीय संवेदना और सहयोग की मिसाल बताते हुए स्थानीय समुदाय और संगठनों की सक्रिय भागीदारी की सराहना की। राहत सामग्री के इस अभियान में विशेष योगदान देने वालों में भाई धर्म सिंह वंशज, बाबा गुरप्रीत सिंह (हस्तिनापुर), मलकीत सिंह (अध्यक्ष,

गन्ना समिति अफजलगढ़), सुरेंद्र सिंह, सुखदेव सिंह, हरप्रीत सिंह, गुरमुख सिंह, गुलजार सिंह, अजमेर सिंह, गुरविंदर सिंह (पूर्व चेयरमैन), भजन सिंह, और बलवंत कंबोज सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। यह पहल जिले की एकजुटता, संवेदनशीलता और सेवा भावना को दशार्ती है, जो देशभर में एक सकारात्मक संदेश देती है।

# जिलाधिकारी ने की आगामी तिगरी गंगा मेला के आयोजन के संबंध में बैठक, मेला स्थल का किया भ्रमण





**अमरोहा (सब का सपना):-** जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता और पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद की उपस्थिति में अंगूरी देवी धर्मशाला ग्राम तिगरी में आगामी तिगरी गंगा मेला के आयोजन के संबंध में सभी संबंधित अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि पिछले वर्ष तिगरी मेला सभी के सहयोग से भव्यता के साथ कराया गया है। इस बार और भी भव्यता से मेले का आयोजन कराया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि इस बार समस्त व्यवस्थाएं पिछले वर्ष से भी उत्तम की जाए। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों से व्यवस्थाओं की प्रगति की जानकारी लेते हुए निर्देशित किया कि सभी अधिकारी जोर शोर से आवश्यक तैयारी में लग जाएं। डीएम-एसपी ने संबंधित पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मेला स्थल और घाटों पर जाकर भ्रमण किया और आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में विभागीय अधिकारियों से चर्चा की। उन्होंने गत वर्ष के मेले को लेआउट को देखा और वर्तमान परिस्थिति के हिसाब से लेआउट बनाने के निर्देश दिए और कहा कि पिछले वर्ष से एरिया कम नहीं होना चाहिए, इस-के लिए लंबाई बढ़ाने के निर्देश दिए। कहा कि इस बार भी बेहतर व्यवस्थाएं करते हुए आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं दी जाएं। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों से व्यवस्थाओं की प्रगति की जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि इस बार मेला पिछले वर्ष की तुलना में अधिक भव्य, दिव्य और सुंदर होगा। इसके लिए सभी अधिकारी शीघ्रता से कार्य शुरू कर दें। उन्होंने कहा कि मेले की समय से सभी व्यवस्थाएँ जैसे प्र-काश, शौचालय, पेयजल, चेंजिंग रूम, घाट, स्वच्छता, सड़क, बैरिकेडिंग, मचान, गहरे स्थानों पर बल्लियाँ, नाव और गोताखोरों की व्यवस्था पूर्ण होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय पर जोर दिया और कहा कि बिजली, पानी, शौचालय, सड़क, घाटों का निर्माण और बैरिकेडिंग की व्यवस्था उच्च गुणवत्ता वाली हो। सभी स्थानों पर बेहतर प्रकाश व्यवस्था के लिए निर्देशित किया। सड़कों को गुणवत्तापरक बनाने के साथ उनकी चौड़ाई भी पर्याप्त रखी जाए। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने बताया कि मेले को भव्य और सुरक्षित बनाने के लिए पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे। प्रत्येक घाट और अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। यातायात, पार्किंग मेले की सुरक्षा व्यवस्था, सी०सी०टी०वी० व्यवस्था बेहतर रहेगी ताकि मेला शांतिपूर्ण और सुरक्षित रूप से संपन्न हो। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व गरिमा सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक धीरेन्द्र प्रताप सिंह, अपर पुलिस अधीक्-षक अखिलेश भदौरिया, उप जिलाधिकारी धनौरा विभा श्रीवास्तव, पुलिस क्षेत्राधिकारी धनौरा अंजलि कटारिया, पीडी डीआरडीए अम्बरीष कुमार, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत,

लोक निर्माण विभाग, बाढ़खंड सिंचाई, जिला पंचायत राज अधिकारी सहित अन्य मेले से संबंधित समस्त अधिकारी उपस्थित रहे।

# भारतीय टीम ने वेस्टइंडीज को पारी और 140 रनों से हराया

**–सीरीज में 1–0 की बढ़त हासिल की**

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम ने यहां खेले गये पहले क्रिकेट टेस्ट मैच में मेहमान टीम वेस्टइंडीज को एक पारी और 140 रनों से हराकर दो मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। भारतीय टीम ने मैच के तीसरे दिन अपनी पहली पारी पांच विकेट पर 448 रनों पर घोषित कर दी। वेस्टइंडीज की टीम अपनी पहली पारी में 162 रन ही बना पायी थी। इस प्रकार भारतीय टीम के पास 286 रनों की बढ़त थी। ऐसे में उसने वेस्टइंडीज को बल्लेबाजी के लिए बुलाया। वेस्टइंडीज टीम अपनी दूसरी पारी में लंच के बाद 146 रनों पर ही आउट हो गयी। भारत की ओर से रविन्द्र जडेजा ने 4 विकेट लिए, वहीं तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने तीन जबकि कुलदीप यादव ने 2 विकेट लिए। इस प्रकार भारतीय टीम ने ये मुकाबला आसानी से जीत लिया।

इस मैच में वेस्टइंडीज की बल्लेबाजी दूसरी पारी में भी पहली पारी की तरह ही खराब रही। केवल एलिका अथानाजे ही 38 रन तक पहुंच पाये, जबकि जस्टिन ग्रीव्स ने 25, जेडन सील्स ने 22, जोहान लेन ने 14, जॉन कैंबेल ने 14, तेगनारायण चंद्रपॉल ने 8, ब्रेंडन किंग ने 5, रोस्टन चेज ने 1 और शाई होप ने 1 रन बनाए। वहीं, खैरी पियरे 13 रन बनाकर नाबाद रहे।

इस मैच में भारतीय टीम के तीन बल्लेबाजों केएल राहुल, ध्रुव जुरेल और रविन्द्र जडेजा ने शतक लगाकर टीम को दूसरे ही दिन 488 रनों तक पहुंचा दिया था।

### जडेजा ने बनाया रिकार्ड

भारतीय टीम के रवींद्र जडेजा ने इस मैच में अपने टेस्ट करियर का छठा शतक लगाकर एक रिकार्ड बनाया। उन्होंने इस मैच में महेन्द्र सिंह धोनी के टेस्ट में छक्के मारने का रिकार्ड भी तोड़ दिया। जडेजा के अब अपने टेस्ट मैचों में कुल 79 छक्के हो गये है। वहीं धोनी ने टेस्ट में 78 छक्के लगाए थे। टेस्ट क्रिकेट में भारत की ओर से सबसे ज्यादा छक्के जड़ने का रिकॉर्ड ऑलराउंड वीरेंद्र सहवाग के नाम है। सहवाग ने 91 छक्के लगाये हैं। वहीं दूसरे नंबर पर विकेटकीपर ऋषभ पंत हैं जिनके टेस्ट में 90 छक्के हैं जबकि रोहित शर्मा 88 छक्कों के साथ तीसरे नंबर पर हैं।

### राहुल ने 9 साल बाद घरेलू धरती पर शतक लगाया

राहुल ने इस टेस्ट में अपना 11वां शतक जमाया ये उनका नौ साल के बाद धरेलू धरती पर शतक है। इसके लिए राहुल ने गेंदें खेलीं।



वहीं युवा जुरेल ने भी इस मैच में मिले अवसर का लाभ उठाते हुए शतकीय पारी खेली।

# वर्ल्ड कप में 20 साल बाद भारत-पाकिस्तान की भिड़ंत




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईसीसी महिला वर्ल्ड कप 2025 में 5 अक्तूबर, रविवार को भारत और पाकिस्तान के बीच भिड़ंत होगी। इस टूर्नामेंट में भारतीय टीम ने जहां श्रीलंका को हराकर अपना विजयी आगाज किया वहीं पाकिस्तान को बांग्लादेश के खिलाफ हार झेलनी पड़ी। वहीं अब कोलंबो में इस हाईवोल्टेज मुकाबले का हर किसी को इंतजार है। खास बात ये है कि महिला वनडे वर्ल्ड कप में ये सिर्फ दूसरा मौका है जब दोनों टीमें आमने-सामने होंगी। आखिरी बार 2005 वर्ल्ड कप में भारत और पाकिस्तान की टीमें आपस में भिड़ी थीं।

वहीं वनडे क्रिकेट में भारतीय महिला टीम पाकिस्तान के खिलाफ कभी नहीं हारी है। दोनों टीमें कुल 11 बार वनडे मुकाबले में भिड़ी हैं। सभी 11 मैच भारतीय महिला टीम ने अपने नाम किए हैं। आखिरी बार दोनों टीमें 2022 में वनडे मैच खेलने के लिए आमने-सामने थीं। उस मैच में भारत ने पड़ोसी देश को 107 रनों से हराकर करारी शिकस्त दी थी। वहीं वर्ल्ड कप की बात करें तो भारतीय टीम ने 2005 में एकमात्र वर्ल्ड कप मुकाबला पाकिस्तान से खेला है। कराची में हुए उस मुकाबले में भारत ने 193 रनों से बेहतरीन जीत दर्ज की थी। अब वर्ल्ड कप में दूसरी बार और ओवरऑल वनडे में 12वीं बार दोनों टीमें आमने-सामने होंगी। भारतीय टीम की बात करें तो टीम इस समय बेहतरीन फॉर्म में है। हालांकि, पहले मैच में स्मृति मंधाना और कप्तान हरमनप्रीत कौर का बल्ला नहीं चला था। लेकिन वर्ल्ड कप से ठीक पहले ऑस्ट्रेलिया जैसे खतरनाक टीम को भारत ने नाकों चने चबवा दिए थे। स्मृति ने बैक टू बैक दो ताबड़तोड़ ऐतिहासिक शतकीय पारियां खेली थीं। जबकि पाकिस्तान की टीम बांग्लादेश के हाथों शर्मनाक हार झेलकर आई थी। पाकिस्तान की टीम पहले मुकाबले में महज 129 रन पर ही ढेर हो गई थी। ऐसे में भारतीय टीम का पलड़ा इस मुकाबले में बिल्कुल भारी रहने का आसार हैं।

# ऑस्ट्रेलिया/न्यूजीलैंड: मार्श का पहला टी20 शतक, ऑस्ट्रेलिया ने चैपल-हेडली श्रृंखला 2-0 से जीती

**माउंट मोनगानुई (न्यूजीलैंड) (एजेंसी)।** मिचेल मार्श के नाबाद 103 रन की दमदार पारी की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने शनिवार को न्यूजीलैंड को तीन विकेट से हराकर चैपल-हेडली टी20 श्रृंखला 2-0 से अपने नाम कर ली।

ऑस्ट्रेलियाई कप्तान मार्श ने 52 गेंद में आठ चौके और सात छक्कों की मदद से अपना पहला टी20 शतक पूरा किया। उनके अलावा केवल दो अन्य बल्लेबाज ही दोहरे अंक तक पहुंच सके। ऑस्ट्रेलिया ने दो ओवर रहते ही 7 विकेट पर 160 रन बनाकर न्यूजीलैंड के 9 विकेट पर 156 रन के स्कोर को पार कर लिया।




न्यूजीलैंड की टीम ऑस्ट्रेलिया की तेज गेंदबाजी के सामने संघर्ष करती नजर आई और टॉस 15 मिनट देर से होने के कारण भी उनके बल्लेबाज साझेदारियां बनाने में नाकाम रहे। टिम सिफर्ट ने 35 गेंद में 48 रन बनाकर टीम के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया, जबकि कप्तान माइकल ब्रेसवेल ने 26 और जिम्मी नीशाम ने 25 रन बनाए।

ऑस्ट्रेलिया के लिए जोश हेज़लवुड ने 26 रन देकर 2 विकेट लिए, जेवियर बार्टलेट ने 25 रन देकर 2 विकेट झटके, और सीन एबॉट ने 25 रन देकर 3 विकेट चटकाए।

ऑस्ट्रेलियाई पारी की शुरुआत में ही 62 रन छह ओवर में बन गए थे। मिचेल मार्श ने ईश सोढ़ी पर लगातार छक्कों की मदद से केवल 21 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। न्यूजीलैंड ने मध्य ओवरों में नीशाम की गेंदबाजी के दम पर चार विकेट लिए, लेकिन मार्श ने टीम को मजबूत हाथों से जीत तक पहुंचाया।

इससे पहले श्रृंखला का दूसरा मैच बारिश के कारण रद्द हो गया था। मार्श ने पहले मैच में भी 43 गेंद में 85 रन बनाकर टीम की छह विकेट की जीत में अहम योगदान दिया था।

# शुभमन ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारतीय एकदिवसीय टीम के कप्तान बनाये गये , श्रेयस होंगे उपकप्तान

**–विराट , रोहित की सात महीने बाद टीम में वापसी**

**–सूर्यकुमार की कप्तानी में जाएगी टी20 टीम**







**मुम्बई (एजेंसी)।** शुभमन गिल टेस्ट के बाद अब एकदिवसीय प्रारुप के लिए भी भारतीय टीम के कप्तान बनाये गये हैं। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) चयन समिति ने ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए शुभमन गिल को एकदिवसीय टीम का कप्तान बनाया है। शुभमन को रोहित शर्मा की जगह कप्तान बनाया गया है। रोहित अब एक बल्लेबाज के तौर पर ही टीम में रहेंगे। रोहित के अलावा अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली को भी टीम में शामिल किया गया है। इस प्रकार रोहित और विराट करीब सात महीने के बाद एक बार फिर खेलते नजर आयेंगे। ये दोनो ही अंतिम बार चैम्पियंस ट्रॉफी में उतरे थे और उसे भारतीय टीम ने रोहित की कप्तानी में जीता था।

वहीं बल्लेबाज श्रेयस अय्यर को भी टीम में शामिल किया गया है। श्रेयस को एकदिवसीय के लिए उपकप्तान बनाया गया है। कोहली और रोहित ने भारत के लिए आखिरी बार फरवरी-मार्च में खेला था। तब दोनों चैंपियंस ट्रॉफी में टीम का हिस्सा थे। दोनों ने ही चैंपियंस ट्रॉफी में काफी अच्छा प्रदर्शन किया था। वहीं तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को एकदिवसीय सीरीज के लिए आराम दिया गया है जबकि टी20 सीरीज में उन्हें शामिल किया गया है। ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या और ऋषभ पंत चोट के कारण शामिल नहीं किये गये हैं।

भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया में 3 मैचों की एकदिवसीय सीरीज खेलेगी। इसके बाद वह सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में पांच मैचों की टी20 सीरीज भी खेलेगी। मेजबानों के साथ 5 मैचों की टी20 सीरीज खेलेगी।

भारतीय टीम पहला एकदिवसीय 19 अक्टूबर को पर्थ में खेलेगी जबकि दूसरा एकदिवसीय मैच 23 को एडिलेड में खेला जाएगा। सीरीज का तीसरा एकदिवसीय मैच 25 अक्टूबर को सिडनी में खेला जाएगा।

**ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए एकदिवसीय टीम:** शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर (उप कप्तान), अक्षर पटेल, केएल राहुल (विकेटकीपर), नितीश कुमार रेड्डी, वॉशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, मोहम्मद सिराज, अर्शदीप सिंह, प्रसिद्ध कृष्णा, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), यशस्वी जयसवाल.

**ऑस्ट्रेलिया दौरे पर टी20 सीरीज के लिए चुनी गई भारतीय टीम:** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, शुभमन गिल (उप कप्तान), तिलक वर्मा, नितीश कुमार रेड्डी, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), वरुण चक्रवर्ती, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), रिंकू सिंह, वाशिंगटन सुंदर.


# जडेजा ने बनाया रिकार्ड, कपिल, बॉथम और इमरान के क्लब में शामिल

अहमदाबाद । भारतीय क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर रविन्द्र जडेजा ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट में मिली जीत में अहम भूमिका निभाने के दौरान ही शानदार गेंदबाजी और बल्लेबाजी करते हुए एक नया रिकार्ड बनाया है।



वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट में शतक लगाने के साथ ही जडेजा ने कपिल देव, इयान बॉथम और इमरान खान जैसे महान ऑलराउंडरों की बराबरी की है। अब जडेजा उन खिलाड़ियों में शामिल हो गए हैं जिन्होंने छह या उससे अधिक टेस्ट शतक बनाए हैं और साथ ही 300 से अधिक विकेट भी अपने नाम किए हैं। जडेजा ने 169 गेंदों पर अपना छठा टेस्ट शतक पूरा किया। जडेजा अब इयान बॉथम, कपिल देव, इमरान खान, रवि अश्विन और डेनियल विटोरी जैसे दिग्गजों की सूची में शामिल हो गए हैं। यह उपलब्धि उन खिलाड़ियों की पहचान है जिन्होंने बल्ले और गेंद दोनों से योगदान दिया है। अब टेस्ट क्रिकेट में 4000 रन और 300 से अधिक विकेट लेने वाले चौथे क्रिकेटर बनने से केवल 10 रन दूर हैं। उन्होंने मैच के दौरान चार छक्के जड़कर पूर्व कप्तान महेनद्र सिंह धोनी के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। अब जडेजा टेस्ट में भारत के लिए चौथे सबसे ज़्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। जडेजा के नाम टेस्ट करियर में 79 छक्के हैं जबकि धोनी के नाम 78 छक्कों का रिकार्ड है।

# भारत के निखिल चौधरी ऑस्ट्रेलियाई शेफील्ड शील्ड में खेलेंगे



नई दिल्ली (ईएमएस)। भारत के निखिल चौधरी ऑस्ट्रेलिया की रेड–बॉल प्रतियोगिता, शेफील्ड शील्ड में तस्मानिया की ओर से खेलते दिखेंगे। निखिल लिस्ट ए क्रिकेट में पंजाब की ओर से खेलते हैं। अब ऑस्ट्रेलिया में शेफील्ड शील्ड में खेलकर उनका करियर और निखर सकता है। ऑस्ट्रेलिया में छोटे क्लब स्तर पर खेलते हुए वह तस्मानिया तक पहुंचे हैं। निखिल ने पंजाब की ओर से खेलने के दौरान शुभमन गिल, अभिषेक शर्मा और अर्शदीप सिंह के साथ खेला है। हालांकि वह रणजी ट्रॉफी में अभी तक नहीं खेल पाये हैं। ऑस्ट्रेलिया जाने के बाद चौधरी ने क्लब क्रिकेट और वीकेंड टूर्नामेंट से खेलते हुए यहां तक का सफर किया है। ऑस्ट्रेलिया पहुंचने के बाद वह बिग बैश लीग की टीम होबार्ट हरिकेंस पहुंची। इसके बाद क्रिकेट तस्मानिया ने उन्हें लिस्ट ए मैचों में अवसर नहीं दिया। उन्होंने न्यू साउथ वेल्स के खिलाफ 2 विकेट जबकि विक्टोरिया के खिलाफ 67 रन बनाये। जिससे उन्हें लाभ हुआ। क्रिकेट तस्मानिया की हाई परफॉर्मेंस प्रमुख सैलियन बीम्स ने निखिल के यहां तक के सफर की प्रशंसा करते हुए कहा कि किसी दूसरे देश में जाकर इस प्रकार की उपलब्धि हासिल करना कठिन होता है पर इस क्रिकेटर ने अपने को साबित किया है। साथ ही कहा कि उनकी भूख और जुनून टीम को मजबूती देगी।इससे पहले 1960 के दशक में रूसी सुरती ने की ओर से खेला था।

# विश्व चैंपियनशिप में मीराबाई चानू का शानदार प्रदर्शन, भारत को दिलाया एक और रजत पदक

**फॉरडे (नॉर्वे) (एजेंसी)।** भारत की स्टार महिला वेटलिफ्टर और ओलंपिक पदक विजेता मीराबाई चानू ने 2025 विश्व वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए 48 किग्रा वर्ग में रजत पदक अपने नाम किया। चानू ने कुल 199 किग्रा भार उठाया, जिसमें स्नैच में 84 किग्रा और क्लीन एंड जर्क में 115 किग्रा शामिल था। यह उनके तीन साल बाद विश्व मंच पर लौटने का प्रतीक है।

स्नैच में चानू ने 84 किग्रा सफलतापूर्वक उठाया, लेकिन 87 किग्रा के अगले दो प्रयासों में वे सफल नहीं हो सकीं और इस खंड में कांस्य पदक हासिल किया। क्लीन एंड जर्क में उन्होंने क्रमशः 109, 112 और 115 किग्रा उठाया। अंतिम प्रयास की सफलता ने उन्हें रजत पदक दिलाया और उनके सर्वोत्तम प्रदर्शन को दोहराया।

पदक तालिका में उत्तर कोरिया की री सॉन्ग-गुम ने 213 किग्रा (91+122) के साथ स्वर्ण पदक और क्लीन एंड जर्क व कुल भार में नया विश्व रिकॉर्ड बनाया। थाईलैंड की थान्यातॉन सुकचारोएन ने 198 किग्रा के साथ कांस्य पदक जीता।

यह मीराबाई का तीसरा विश्व चैंपियनशिप पदक है; उन्होंने 2017 में स्वर्ण और 2022 में रजत पदक जीते थे। उनका 115 किग्रा का क्लीन एंड जर्क प्रदर्शन टोक्यो ओलंपिक में किए गए सर्वश्रेष्ठ भार के बराबर है। इस जीत से भारत को तीन साल बाद विश्व चैंपियनशिप में पदक मिला और अब तक इस टूर्नामेंट में भारत के सभी 18 पदक महिलाओं ने ही हासिल किए हैं। मीराबाई के साथ भारतीय टीम में कोयल बर, बिंद्यारानी देवी, निरुपमा देवी, हरजिंदर कौर, वंशीता वर्मा और मेहक शर्मा भी शामिल हैं। इनमें से कई खिलाड़ियों ने पहले ही कॉमनवेल्थ चैंपियनशिप में पदक जीते हैं।



पेरिस 2024 ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहने और चोटों से जूझने के बाद यह रजत पदक मीराबाई के करियर में महत्वपूर्ण पुनरुत्थान का संकेत है। उनके इस प्रदर्शन ने एक बार फिर साबित कर दिया कि वे विश्व स्तरीय वेटलिफ्टिंग में भारत का गौरव बढ़ाती रहती हैं।

# चाइना ओपन 2025 : कोको गॉफ का सफर सेमीफाइनल में थमा, अमांडा एनिसिमोवा ने दी करारी शिकस्त



बीजिंग। अमेरिकी खिलाड़ी कोको गॉफ की चाइना ओपन में खिताब बचाने की उम्मीदें शनिवार को समाप्त हो गई। सेमीफाइनल में उनकी हमवतन और तीसरी वरीय अमांडा एनिसिमोवा ने उन्हें 58 मिनट के भीतर सीधे सेटों में 6–1, 6–2 से मात दी। गॉफ, जिन्होंने पिछले साल चाइना ओपन का खिताब जीता था, इस बार अपनी लय में नजर नहीं आईं और एनिसिमोवा ने आक्रामक खेल दिखाते हुए उन्हें कोई मौका नहीं दिया। अमांडा ने शानदार सर्विस और बेसलाइन से ताकतवर शॉट्स खेलकर मुकाबले पर पूरी तरह से नियंत्रण बनाए रखा। इस जीत के साथ अमांडा एनिसिमोवा ने फाइनल में जगह बना ली। अब उनका सामना पांचवीं वरीय जेसिका पेगुला और लिंडा नोसकोवा के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल की विजेता से होगा। गॉफ की इस हार से टूर्नामेंट का खिताबी समीकरण और भी दिलचस्प हो गया है क्योंकि एनिसिमोवा इस समय बेहतरीन फॉर्म में दिखाई दे रही हैं और फाइनल में उनके खेल पर सबकी नजरें टिकी रहेंगी।


# शुभमन एकदिवसीय में रोहित के सबसे अधिक स्कोर का रिकार्ड तोड़ सकते हैं : बांगर

**मुम्बई (एजेंसी)।** पूर्व क्रिकेटर और कोच संजय बांगर का मानना है कि युवा बल्लेबाज शुभमन गिल आने वाले समय में एकदिवसीय में रोहित शर्मा के 264 रनों के विश्व रिकॉर्ड को तोड़ सकते हैं। बांगर ने कहा कि अगर शुभमन टिककर अंत तक बल्लेबाजी करें तो निश्चिय ही रोहित का रिकार्ड तोड़ देंगे कयोंकि उनके पास अच्छी तकनीक होने के साथ ही उनका स्ट्राइक रेट भी अच्छा है। बांगर के अनुसार जिस प्रकार से शुभमन ने टेस्ट क्रिकेट में प्रदर्शन किया है उसको देखते हुए ये तय है कि वह आगे भी इसी प्रकार खेलेंगे। शुभमन ने अब तक 55 एकदिवसीय मैचों में आठ शतक और 15 अर्धशतक के साथ ही 2,755 रन बनाए हैं। उनका सबसे अधिक स्कोर 208 रन है, जो उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ केवल 149 गेंदों में बनाए थे। इस दौरान उन्होंने 19 चौके और नौ छक्के लगाये थे।



बांगर का मानना है कि गिल अगर टिककर लंबी पारी खेलते हैं तो वह रोहित का रिकॉर्ड तोड़ने में पीछे नहीं रह सकते हैं। उनके मुताबिक गिल की तकनीक, स्ट्राइक रेट और धैर्य उन्हें यह बड़ा रिकॉर्ड हासिल करने के लिए तैयार बनाते हैं। क्रिकेट विशेषज्ञ इसे एक चुनौतीपूर्ण लेकिन संभव मिशन मान रहे हैं। वहीं बांगर ने आक्रामक सलामी बल्लेबाजा अभिषेक शर्मा की भी जमकर प्रशंसा की है। बांगर ने कहा कि अभिषेक युवराज सिंह के 2007 टी20 विश्व कप अर्धशतक के रिकॉर्ड को भी तोड़ सकते हैं।

# पैरा चैंपियनशिप : कियारा रोड्रिग्ज ने रचा इतिहास, चौथी बार जीता लंबी कूद का स्वर्ण पदक




नयी दिल्ली: इक्काडोर की कियारा रोड्रिग्ज ने इंडियनऑयल नयी दिल्ली पैरा एथलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप 2025 में लगातार चौथी बार महिलाओं की लंबी कूद टी–47 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। कियारा ने 6.29 मीटर की छलांग लगाई, जबकि हंगरी की पेट्रा लुटेरन (5.98 मीटर) ने रजत और डेनमार्क की ब्योर्कर नोएरेमाकर (5.84 मीटर) ने कांस्य पदक हासिल किया। भारत की निमिषा सुरेश चक्कुंगलपरम्बिल ने 5.74 मीटर की छलांग के साथ एशियाई रिकॉर्ड बनाया, लेकिन बेहतर प्रदर्शन न कर पाने के कारण पोडियम से चूक गईं और चौथे स्थान पर रहीं। कियारा इससे पहले 100 मीटर टी–47 में भी स्वर्ण जीत चुकी हैं और तिहरा पदक हासिल करने की कोशिश में हैं। इस बीच, अमेरिका के माइकल ब्रैनिगन ने पुरुषों की 1500 मीटर टी–20 और ईरान के अली बाजियारशूरिजेह ने पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीते। पदक तालिका में ब्राज़ील (12 स्वर्ण) शीर्ष पर कायम है, जबकि चीन 40 पदकों के साथ दूसरे स्थान पर और भारत (6 स्वर्ण, 5 रजत, 4 कांस्य) चौथे स्थान पर है।


# अभिषेक बोले, युवराज के लगाये प्रशिक्षण सत्र से बल्लेबाजी में आया निखार : अभिषेक

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एशिया कप में अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से धूम मचाने वाले युवा सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने इस सफलता का श्रेय अपने गुरु युवराज सिंह को दिया दिया है। अभिषेक के अनुसार कोरोना संक्रमण के दौर में जब लॉकडाउन लगा था और सभी खेल मुकाबले रुक गये थे तब युवराज ने उन्हें प्रशिक्षण दिया था जिसका लाभ अब उन्हें मिला है। तब अभ्यास के दौरान युवराज ने कहा था कि तुम जल्द ही भारतीय टीम के लिए मैच जीतोगे। अभिषेक के अनुसार अब उनकी कही बातें सही साबित हो रही हैं। अभिषेक ने एक शो में कहा कि युवराज की देखरेख में जिस प्रकार से उन्होंने अभ्यास किया उससे उनकी बल्लेबाजी तकनीक बेहतर हुई।

इसी कारण वह एशिया कप में सबसे ज्यादा रन बनाने में भी सफल रहे। इस युवा बल्लेबाज ने कहा, मैं युवराज का बहुत शुक्रगुजार हूं। लॉकडाउन के दौरान उन्होंने प्रशिक्षण सत्र रखा था जिसमें मेरे अलावा शुभमन गिल और प्रभसिमरन सिंह व अनमोलप्रीत सिंह आदि थे। तब मैं संघर्ष कर रहा था। यहां तक कि आईपीएल की अपनी टीम में भी अंतिम ग्यारह में जगह बनाना आसान नहीं हो रहा था। वहीं शुभमन को भारतीय टीम में जगह मिल गयी थी।

आईपीएल में निरंतरता में कमी के कारण मैं अंतिम ग्यारह में अपनी जगह पक्की नहीं कर पा रहा था। वहीं शुभमन पहले से ही भारत के लिए खेल रहा था। तब मुझे ऐसा लगना शुरू हो गया कि मैं पीछे रह गया हूं क्योंकि मेरे समूह के सभी लोग पहले ही अच्छा कर रहे थे। तभी युवराज ने कहा था कि वह मुझे भारत के लिए मैचों को जीतने के लिए तैयार कर रहे हैं और ऐसा दो से तीन साल में ही हो जाएगा। उसे सत्र के बाद मैंने महसूस किया कि मेरा लक्ष्य तो कुछ और ही था। साथ ही कहा कि अभ्यास के दौरान युवराज परे समय साथ रहते थे और रिकार्डिंग तक दिखकर गलतियां बताते थे।





# प्रियंका चोपड़ा ने मुंबई को कहा अलविदा

**भारतीय** अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने मुंबई को अलविदा कह दिया है। वह दो दिनों तक मुंबई में रहने के बाद अमेरिका लौट गई हैं। एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर मुंबई में बिताए अच्छे पलों को याद किया है। फैंस को दुर्गा पंडाल में प्रियंका चोपड़ा का लुक काफी पसंद आया। प्रियंका चोपड़ा बनारसी पैटर्न के साथ पर्पल कलर के सूट में दिखीं। एक्ट्रेस ने माथे पर बिंदी और मांग में सिंदूर लगा रखा था। एक्ट्रेस का देसी लुक फैंस के दिल को भा गया। प्रियंका चोपड़ा ने इंस्टाग्राम पर एक मुंबई टूर वीडियो पोस्ट किया। वीडियो में एक्ट्रेस पहले अपने स्किनकेयर और मेकअप के बारे में बात कर रही है, वहीं कई स्थानों के साथ वह मां दुर्गा के पंडाल में भी नजर आईं। वीडियो में उन्होंने मुंबई में बिताए दो दिनों की यादें कैमरे में कैद कीं। एक्ट्रेस ने वीडियो के कैप्शन में लिखा,अलविदा मुंबई! वापस आना हमेशा बहुत अद्भुत होता है, भले ही यह एक मिनट के लिए ही क्यों न हो। उत्सव मना रहे सभी लोगों को दशहरा की शुभकामनाएं। दोबारा आने का वेट करें..।

प्रियंका ने एक्ट्रेस नीलम उपाध्याय को भी दिल से शुक्रिया कहा। उन्होंने लिखा, जब पति मदद के लिए आसपास नहीं थे तो आप थे। वर्क फ्रंट की बात करें तो प्रियंका को हॉलीवुड एक्शन-कॉमेडी हेड्स ऑफ स्टेट में देखा गया था। फिल्म अमेजन प्राइम पर मौजूद है। एक्ट्रेस एक साथ कई फिल्मों की शूटिंग कर रही है, जो हॉलीवुड और बॉलीवुड दोनों हैं। एक्ट्रेस सिटाडेल-2, द ब्लफ, जजमेंट डे, एसएसएमबी 29 और कृष 4 में भी दिख सकती हैं।



## Simi Garewal की दशहरा पोस्ट पर बवाल एक्ट्रेस ने रावण को बताया आज के सांसदों से बेहतर

**बॉलीवुड** एक्ट्रेस सिमी ग्रेवाल ने दशहरा के मौके पर एक ऐसी पोस्ट कर दी कि उनके फैंस हैरान रह गए. एक्ट्रेस ने रावण को आज के सांसदों से बेहतर बताया. 2 अक्टूबर दशहरा के मौके पर बॉलीवुड की हसीन अदाकारा एक्ट्रेस सिमी ग्रेवाल ने अपने एक्स हैंडल पर रावण की तारीफ करते हुए एक लंबा नोट लिखा है. एक्ट्रेस ने अपने नोट में रावण की खूब तारीफ की है, जिसे लेकर सोशल मीडिया पर उन्हें जमकर ट्रोल किया जा रहा है. बॉलीवुड एक्ट्रेस सिमी ग्रेवाल ने रावण के लिए एक लंबा-चौडा नोट लिखा है. जिसमें वो रावण की अच्छाइयां गिनाते नजर आ रही हैं. एक्ट्रेस की इस पोस्ट ने सोशल मीडिया पर सनसनी मचा दी है. अपनी पोस्ट में एक्ट्रेस ने लिखा- हर साल इस दिन हम अच्छाई की बुराई पर जीत का जश्न मनाते हैं. लेकिन सच कहूं तो, तुम्हारे व्यवहार को 'बुराई' की बजाय 'थोड़ी शरारत' कहा जाना चाहिए. आखिर तुमने किया ही क्या था? मानती हूं कि तुमने जल्दीबाजी में एक महिला का अपहरण कर लिया, लेकिन उसके बाद तुमने उसे वो सम्मान दिया जो आज की दुनिया में औरतों को शायद ही कभी मिलता हो. तुमने उसे अच्छा खाना दिया, रहने की जगह दी और यहां तक कि महिला सुरक्षा-गॉर्ड्स भी दिए (हालांकि वह बहुत सुंदर नहीं थीं). तुम्हारा विवाह का प्रस्ताव भी बड़े विनम्र ढंग से था और जब उसे ठुकरा दिया गया, तब भी तुमने एसिड नहीं फेंका. यहां तक कि जब भगवान राम ने तुम्हें मार डाला, तब भी तुमने उनसे माफी मांगने की बुद्धिमानी दिखाई.

रियल-लाइफ हीरो सोनू सूद का पंजाब से आशा भरा संदेश

# हर परिवार की ज़रूरतें पूरी होनी चाहिए



**पंजाब** में आई विनाशकारी बाढ़ को एक महीने से ज़्यादा समय बीत चुका है, लेकिन गांवों में लोगों की तकलीफें अब भी जारी हैं। अभिनेता और समाजसेवी सोनू सूद, जो संकट के समय में लगातार आशा की किरण बनकर उभरे हैं, उन्होंने हाल ही में गाँव का दौरा किया और हालात का जायज़ा लिया। वहां उन्होंने जो देखा, उससे मदद जारी रखने का उनका संकल्प और मज़बूत हुआ। पंजाब में बाढ़ प्रभावित गांवों के पीड़ितों के साथ खड़े होकर, सोनू सूद ने कहा- आप देख रहे हो कि अभी भी जो बाढ़ के कारण तकलीफें हैं, वो बहुत ज़्यादा हैं और क़रीब 40-45 दिन हो चुके हैं बाढ़ को। और मैं हमेशा कहता आया हूँ ङ्क असली ज़रूरत अब पड़ेगी, क्योंकि पानी का स्तर अभी भी कई जगहों पर बहुत ज़्यादा है। और जो लोग मदद कर रहे हैं ङ्क बचा रहे हैं ङ्क उन्हें इसे जारी रखना चाहिए। गांवों में असली मुश्किलें अब आने वाली हैं, और हर परिवार को जो भी ज़रूरतें हैं, उन्हें हमें पूरा करना है। पंजाब के बाढ़ प्रभावित गाँवों की ज़मीनी हकीकत को बयां करते हुए उन्होंने लिखा, दिन- 45 आइए, ज़रूरतमंदों के लिए एकजुट हों। पंजाब और पूरे देश के लोगों के लिए यह शब्द एक चेतावनी भी हैं और एक आह्वान भी। राहत केवल एक बार की प्रक्रिया नहीं होती ङ्क यह एक निरंतर दायित्व है। सोनू सूद की पंजाब में उपस्थिति केवल मदद पहुंचाने के लिए नहीं है, बल्कि उन आवाज़ों को बुलंद करने के लिए भी है जो मूलभूत सुविधाओं से कटे हुए हैं ङ्क यह याद दिलाने के लिए कि संघर्ष अभी खत्म नहीं हुआ है। पिछले कुछ वर्षों में सोनू सूद संकट के समय में उम्मीद का पर्याय बन गए हैं ङ्क चाहे वो महामारी के दौरान प्रवासी मज़दूरों की मदद हो या अब बाढ़ पीड़ितों की सहायता। उन्होंने बार-बार दिखाया है कि ज़िम्मेदारी और ईमानदारी के साथ प्रभावशाली होना क्या मायने रखता है। पंजाब की इस कठिन घड़ी में उनका काम यह साबित करता है कि राहत केवल दान नहीं ङ्क बल्कि निरंतर करुणा और समर्थन से भरा एक लंबा सफ़र है।




## 12 की उम्र में श्वेता तिवारी ने की थी सिर्फ 500 रुपये के लिए नौकरी, मेहनत से बनीं घर-घर की प्रेरणा

**टीवी** से अपने करियर की शुरुआत करने वाली एक्ट्रेस श्वेता तिवारी आज किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। एक्ट्रेस ने टीवी पर तो छाप छोड़ी ही, लेकिन अब सीरीज और फिल्मों में अपना दबदबा बना रही हैं। शनिवार को एक्ट्रेस अपना 45वां जन्मदिन मना रही हैं। एक्ट्रेस की पर्सनल से लेकर प्रोफेशनल लाइफ सुर्खियों में रही है। एक्ट्रेस ने 500 रुपये से कमाना शुरू किया और आज लाखों कमा रही हैं। श्वेता तिवारी को सबसे पहले 1999 में आए शो कलीरे में देखा गया था, जिसके बाद सीरियल कसौटी जिंदगी की ने एक्ट्रेस की दुनिया बदल दी, क्योंकि एक्ट्रेस प्रेरणा बनकर घर-घर छा गई। प्रेरणा और अनुराग की जोड़ी आज भी याद की जाती है।

श्वेता तिवारी ने खुद इस बात का खुलासा किया था कि पहले सीरियल की शूटिंग लगातार 72-72 घंटे होती थी। घर जाने का समय नहीं मिलता था और पे चेक भी 30 का नहीं, बल्कि 45 दिन का मिलता था। श्वेता तिवारी ने 12 साल की उम्र से कमाना शुरू कर दिया था, क्योंकि उनका परिवार आर्थिक तंगी से जूझ रहा था। अपने परिवार की मदद करने के लिए एक्ट्रेस ने 12 साल की उम्र में ट्रैवल एजेंसी में काम किया। उस वक्त एक्ट्रेस की पहली कमाई 500 रुपये थी, लेकिन आज एक्ट्रेस एक एपिसोड का लगभग 3 लाख रुपये चार्ज करती हैं और अकेले अपने दोनों बच्चों को पाल रही हैं। एक्ट्रेस ने 15 साल की उम्र में टीवी पर कदम रखा और दूसरे ही सीरियल से छा गई, लेकिन इसके साथ ही श्वेता की पर्सनल लाइफ काफी उतार-चढ़ाव भरी रही।

ब्रेस्ट कैंसर अवेयरनेस मंथ 2025

## एंजेलिना जोली इफेक्ट के साथ 'हर यात्रा मायने रखती है'



2013 में हॉलीवुड अभिनेत्री एंजेलिना जोली ने दुनिया को एक बड़े फैसले से सबको चौंका दिया। उनकी मां (मार्शलीन बर्ट्रेंड) की मृत्यु ओवरी कैंसर से हुई थी। जोली ने टेस्ट कराया और पाया कि उनमें बीआरसीए1 जीन म्यूटेशन है, जो उनके ब्रेस्ट कैंसर के चांस को 87 फीसदी तक बढ़ा रहा था। एंजेलिना ने प्रिवेंटिव डबल मास्टेक्टॉमी (दोनों स्तनों को सर्जरी से हटवाना) करवा लिया। उस समय कइयों ने उनके फैसले पर सवाल उठाए, लेकिन बाद में हजारों महिलाएं अस्पताल पहुंचीं और टेस्ट कराए। डॉक्टरों का कहना है कि एंजेलिना की इस पहल से जोलि इफेक्ट नाम की एक अवेयरनेस लहर उठी, जिसने अनगिनत जिंदगियां बचाईं। रिसर्च बताती है कि उनके बयान के बाद लाखों महिलाओं ने बीआरसीए टेस्ट करवाने शुरू कर दिए। जोली ने अपने शरीर से जुड़ी बेहद निजी बात का खुलासा न्यूयॉर्क टाइम्स के ओप-एड लेख में किया था। 2013 के इस लेख में उन्होंने एक मां के डर को जाहिर करते हुए लिखा, मैं यह नहीं चाहती थी कि मेरे बच्चों को बार-बार वही डर महसूस हो जो मैंने अपनी मां के लिए महसूस किया था। मैंने तय किया कि मैं इस डर को कम करने की पूरी कोशिश करूंगी। जोली की इस ईमानदार कोशिश की दुनिया कायल हो गई। उन्होंने अपने इसी लेख में आगे लिखा, मेरे लिए यह लिखना आसान नहीं था। लेकिन अगर यह किसी एक महिला को भी टेस्ट करवाने और अपना जीवन बचाने के लिए प्रेरित कर सके, तो मैं अपने इस कदम को सही मानूंगी। स्तन कैंसर का हर निदान व्यक्तिगत होता है। हर निदान के पीछे एक कहानी होती है–साहस, दृढ़ता और आशा की। और जब इससे किसी मशहूर हस्ती का नाम जुड़ जाता है तो आम जन को भी इसकी गंभीरता और भयावहता का एहसास सहज ही हो जाता है। एंजेलिना जोली की ब्रेस्ट कैंसर स्टोरी केवल हॉलीवुड की ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया की महिलाओं के लिए एक बड़ा संदेश बन गई।

## रणदीप हुड्डा और लिन लैशराम लेकर आ रहे तीरंदाजी का नया जोश, एपीएल में हिस्सा लेगी पृथ्वीराज योद्धा



**भारत** में खेलों का जादू हमेशा से लोगों के दिलों में खास रहा है। हरियाणा की मिट्टी से लेकर देश के कोने-कोने तक, खेलों ने कई युवाओं को प्रेरित किया है। इस कड़ी में तीरंदाजी यानी आर्चरी के प्रति लोगों का उत्साह बढ़ाने के लिए बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता रणदीप हुड्डा और उनकी पत्नी व पूर्व राष्ट्रीय स्तर की तीरंदाज लिन लैशराम की टीम पृथ्वीराज योद्धा आगामी आर्चरी प्रीमियर लीग (एपीएल) में हिस्सा लेंगी। बता दें कि लिन लैशराम पृथ्वीराज योद्धा टीम की सह-मालिक हैं। एपीएल 2 अक्टूबर से 12 अक्टूबर 2025 तक यमुना स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित होगी। रणदीप और लिन की यह साझेदारी न केवल खेल को बढ़ावा देगी, बल्कि युवाओं को भी तीरंदाजी जैसे खेल की तरफ आकर्षित करेगी। रणदीप हुड्डा ने कहा, खेल हमारे जीवन का अहम हिस्सा है। हरियाणा में बचपन से ही खेलों की संस्कृति रही है, जहां कुश्ती, हॉकी, और बॉक्सिंग जैसे खेलों ने देश का नाम रोशन किया है। मेरे लिए तीरंदाजी जैसे खेल से जुड़ना एक गर्व की बात है। तीरंदाजी में कई खासियतें होती हैं, जैसे कि ध्यान केंद्रित करना, धैर्य बनाए रखना, और मुश्किल हालात में टिके रहना; ये सभी गुण हरियाणा की खेल संस्कृति से मेल खाते हैं। मेरी पत्नी लिन का इस खेल के साथ गहरा लगाव है, जो हमारी टीम को और मजबूत बनाता है। लिन लैशराम के लिए तीरंदाजी केवल एक खेल नहीं, बल्कि एक जीवन की यात्रा है। उनके पिता मणिपुर आर्चरी एसोसिएशन के अध्यक्ष रह चुके हैं, जिन्होंने उन्हें बचपन से ही तीरंदाजी की दुनिया की ओर आगे बढ़ाया। लिन ने महज दस साल की उम्र में तीरंदाजी शुरू की और जल्द ही राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने लगीं। टाटा आर्चरी अकादमी में प्रशिक्षण लेने के बाद उन्होंने कई पदक जीते और 1998 में जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप भी अपने नाम की। हालांकि, चोट के कारण उन्हें प्रतियोगिता से दूरी बनानी पड़ी, लेकिन उनका खेल के प्रति जुनून कभी कम नहीं हुआ। अब आर्चरी प्रीमियर लीग में उनका फिर से लौटना उनके लिए एक नई शुरुआत है।


## पायरेसी को बढ़ावा न दें, कांतारा चैप्टर 1 के निर्माताओं ने दर्शकों से की खास अपील



ऋषभ शेट्टी की बहुचर्चित फिल्म कांतारा चैप्टर 1 के निर्माताओं ने आज सोशल मीडिया हैंडल पर फिल्म को पायरेसी से बचाने ने के लिए दर्शकों से एक खास अपील की है। साथ ही फिल्म को सिनेमाघरों में देखने का अनुरोध भी किया है।

कांतारा चैप्टर 1 2 अक्तूबर, 2025 को गुरुवार के दिन सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। फिल्म ने पहले दिन 60 करोड़ रुपये का धांसू कलेक्शन किया। आज फिल्म की रिलीज के बाद फिल्म निर्माताओं ने अपने दर्शकों से फिल्म को पायरेसी से बचाने के लिए एक खास अपील की है। होम्बले फिल्म्स ने आज एक्स पर एक खास नोट शेयर करते हुए लिखा, प्रिय कांतारा परिवार और सिनेमा प्रेमियों, कांतारा चैप्टर 1 जितना हमारा है, उतना ही आपका भी है। आपके प्यार ने इसे सचमुच अविस्मरणीय बना दिया है। हम आपसे विनम्र निवेदन करते हैं कि फिल्म के वीडियो शेयर और रिकॉर्ड न करें और पायरेसी को बढ़ावा न दें। आइए, सिनेमाघरों में कांतारा का जादू बरकरार रखें, ताकि हर कोई इसे उसी तरह महसूस कर सके जैसा इसका होना चाहिए। कांतारा चैप्टर 1 भारतीय कन्नड़ भाषा की एक्शन थ्रिलर फिल्म है। यह फिल्म ऋषभ शेट्टी द्वारा लिखित और निर्देशित है। होम्बले फिल्म्स के तहत विजय किरागांदुर द्वारा निर्मित यह फिल्म 2022 की कांतारा का प्रीक्वल है। फिल्म में ऋषभ शेट्टी मुख्य भूमिका में हैं।

## शरवरी वाघ ने दशहरे पर शुरू की इम्तियाज अली की फिल्म की शूटिंग



**बॉलीवुड** अभिनेत्री शरवरी वाघ ने अपनी अगली बड़ी फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है। इस बात की जानकारी उन्होंने सोशल मीडिया पर फैंस के साथ शेयर की। इस फिल्म का निर्देशन इम्तियाज अली कर रहे हैं। इस फिल्म में वेदांग रैना उनके अपोजिट दिखाई देंगे। दशहरे के शुभ अवसर पर अभिनेत्री शरवरी वाघ ने यह खुशखबरी फैंस के साथ साझा की। उन्होंने अपनी इंस्टा स्टोरी पर एक पोस्ट शेयर की, जिसमें उन्होंने बताया कि वह पूजा के लिए घर पर नहीं आ सकीं। इसके बजाय उन्होंने अपने कमरे में फिल्म की स्क्रिप्ट के साथ एक छोटी सी पूजा की और फिल्म की शुरुआत की। इस तस्वीर में एक नोटबुक भी रखी है, जिस पर उन्होंने कुछ लिखा था और जिसे ताजा गुड़हल के फूलों से सजाया गया था। इसे शेयर करते हुए शरवरी ने लिखा, आज पूजा के लिए घर पर नहीं आ सकी, इसलिए मैंने अपने कमरे में स्क्रिप्ट के साथ अपनी छोटी सी पूजा की। दशहरा की शुभकामनाएं। एक बेहद खास निर्देशक और टीम के साथ एक बेहद खास फिल्म की शूटिंग शुरू कर रही हूं। जून में इस फिल्म की आधिकारिक घोषणा की गई थी। उस समय शरवरी ने उत्साह और आभार व्यक्त करते हुए इंस्टाग्राम पर लिखा था, मेरे जन्मदिन पर यह घोषणा देखकर मुझे बहुत आश्चर्य हुआ। अब तक का सबसे अच्छा जन्मदिन। इम्तियाज अली सर, जब से मैंने एक अभिनेत्री बनने का सपना देखा है, तब से मैं आपके निर्देशन में काम करने के लिए तत्पर थी। यह मेरे लिए सीखने का सबसे अद्भुत अनुभव होगा। आपके विजन का हिस्सा बनना मेरे लिए सम्मान की बात है। मुझे चुनने के लिए धन्यवाद। इस ड्रीम टीम का हिस्सा बनकर बहुत अच्छा लग रहा है। इस नए सफर के लिए बेहद उत्साहित हूं। शरवरी वाघ ने 2021 में यशराज की फिल्म बंटी और बबली 2 से करियर की शुरुआत की थी। इस फिल्म में रानी मुखर्जी, सैफ अली खान और सिद्धांत चतुर्वेदी जैसे कलाकार भी थे

स्वामी मुद्रक व प्रकाशक अनुज कुमार के द्वारा एजीएस पब्लिकेशंस एफ 23, सेक्टर 6, गौतम बुध नगर, उत्तर प्रदेश 201301 से मुद्रित व गांव बुखारीपुर, पोस्ट ढवारसी, तहसील हसनपुर, जनपद अमरोहा, उत्तर प्रदेश पिन कोड 244242 से प्रकाशित।
संपादक-अनुज कुमार, R.N.I. No.-UPHIN/25/RAA18, मो0.945688 4327, E-mail-officialsabkasapna@gmail.com, www.sabkasapna.com नोट- समस्त विवादों का न्यायिक क्षेत्र अमरोहा जनपद न्यायालय होगा।